www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 14 फरवरी 2022, शुक्ल पक्ष चर्तुदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-298 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान के बाद समजावादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। यही नही बल्कि उन्होने ईवीएम को लेकर भी संदेह जताया है। कथित किसान नेता राकेश टिकैत ने भी ऐसी ही आशंका जाहिर की है। पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है और कही से कोई गड़बड़ी की शिकायत सामने नहीं आई है। इसके बाद भी टीपू और टिकैत का रूदाला बनना तो यही दर्शाता है कि उनकी जमीन खिसक रही है। दस मार्च का इंतजार कर लो भैया।

आईपीएल में सनराइजर्स के लिए चौके-छक्के लगाएंगे छग के शशांक

■ हैदराबाद ने 20 लाख रुपए में खरीदा

■ 2017 के बाद से चल रहा सूखा खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल में पिछले चार सीजन से चल रहा छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का सूखा इस साल खत्म होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 लाख रुपए में खरीद लिया है। दाहिने हाथ के बल्लेबाज शशांक अब हैदराबाद के लिए अपने स्ट्रोक का जौहर दिखाएंगे। मुंबई में जन्में और पले-बढ़े शशांक का परिवार भिलाई का है। पहले वे वनडे और टी-20 टूर्नामेंट मुंबई की टीम से खेलते थे। दिसंबर 2019 में रणजी ट्रॉफी के दौरान उन्होंने पहली बार छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हुए फर्स्ट क्लास क्रिकेट की शुरुआत की थी। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने औसत प्रदर्शन किया। छह मैच की छह पारियों में वे 33.66 की

औसत से 202 रन ही बना सके। उसमें 73 रन सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। शशांक दिल्ली की टीम का हिस्सा रहे हैं। 2019 में राजस्थान रायल्स से उन्हें 30 लाख रुपए में खरीदा था। तब तक उनकी पहचान महाराष्ट्र के खिलाड़ी के तौर पर थी। 2020 में भी राजस्थान रायल्स ने उन्हें रीटेन किया, लेकिन प्लेइंग 11 में उन्हें कभी मौका नहीं मिला। इस बार उन्हें उम्मीद है कि हैदराबाद की टीम उन्हें जलवा दिखाने का मौका देगी।

साल 2017 से कोई नहीं खेल पाया आईपीएल : आईपीएल ऑक्शन तक का सफर तय कर रहे हैं। लेकिन उनमें से कोई बिक नहीं सका। 2017 में छत्तीसगढ़ से रायगढ़ जिले के खिलाड़ी शुभम अग्रवाल को गुजरात लॉयंस ने टीम में शामिल किया था। उन्होंने अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन कर एक विकेट अपने नाम किए थे। इसके बाद से अब तक प्रदेश के एक भी खिलाड़ी को खरीदा नहीं गया है।

नीलामी में पांच खिलाड़ी शामिल हुए थे

बेंगलुरू में पिछले दो दिनों से चले नीलामी में छत्तीसगढ़ से लगभग 20 खिलाड़ियों ने नीलामी में शामिल होने के लिए फॉर्म भरे थे। इसमें से केवल पांच खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट हुए। इन सभी खिलाड़ियों का चयन सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इनमें शशांक के अलावा छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया, अमनदीप खरे, अजय मंडल और शुभम सिंह शामिल थे। हरप्रीत की बेस प्राइज 40 लाख, जबकि अन्य चार खिलाड़ियों की बेस प्राइज 20 लाख रुपए थी।

गरमा-गरम

शिपयार्ड घोटाला : 22,842 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में आया स्टेट बैंक का बयान

■ 2001 और 2013 से भी जुड़े मामले के तार

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड और उसके तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ऋषि कमलेश अग्रवाल समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया था कि यह मुकदमा भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के एक संघ से कथित रूप से 22,842 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के संबंध में दर्ज किया गया। अब इसे लेकर खुद एसबीआई का भी बयान आया है। बैंक ने इस पूरे धोखाधड़ी मामले का घटनाक्रम सामने रखा है। स्टेट बैंक ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक उधारदाताओं ने पैसे

दिए थे। कंपनी के खराब प्रदर्शन के कारण नवंबर 2013 में खाता गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) में तब्दील हो गया था। कंपनी के संचालन को ठीक करने के लिए कई प्रयास किए गए लेकिन सब विफल रहे। एसबीआई ने बताया कि मार्च 2014 में सभी उधारदाताओं द्वारा कंपनी ऋण पुनर्गठन (सीडीआर) के तहत खाते की पुनर्रचना की गई थी। शिपिंग उद्योग मंदी के दौर से गुजर रहा था, इसलिए कंपनी का संचालन पुनर्जीवित नहीं हो सका।

स्टेट बैंक ने बताया- क्यों दर्ज करवाया केस

एसबीआई ने यह भी बताया कि आखिर क्यों बैंकों के संघ की तरफ से उसने की मामले में केस दर्ज करवाया। दरअसल, आईसीआईसीआई और आईडीबीआई बैंक कंसोर्शियम में पहले और दूसरे अग्रणी ऋणदाता थे। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एसबीआई सबसे बड़ा ऋणदाता था। इसलिए यह तय हुआ कि सीबीआई के पास शिकायत दर्ज एसबीआई कराएगा। बताया गया है कि सीबीआई के पास पहली शिकायत नवंबर 2019 में दर्ज की गई थी। सीबीआई का अन्य बैंकों के साथ लगातार संपर्क था। वर्तमान में खाता एनसीएलटी संचालित प्रक्रिया के तहत परिसमापन के दौर से गुजर रहा है। एसबीआई ने साफ किया कि किसी भी समय प्रक्रिया में देरी करने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

पुनर्गठन विफल होने के कारण खाते को नवंबर 2013 से जुलाई 2016 में एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। अप्रैल 2018 में उधारदाताओं द्वारा अर्न्स्ट एंड यंग को फॉरेंसिक ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया गया था। धोखाधड़ी मुख्य रूप से धन के विचलन, दुरुपयोग और आपराधिक विश्वासघात की रही। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किस बैंक का कितना बकाया

बैंक	बकाया
आईसीआईसीआई	7,089 करोड़ रुपये
आईडीबीआई	3,634 करोड़ रुपये
स्टेट बैंक आफ इंडिया	2,468.51 करोड़ रुपये
बैंक ऑफ बड़ौदा	1,614 करोड़ रुपये
पीएनबी	1244 करोड़ रुपये
आईओबी	1,228 करोड़ रुपये

शहीद को साथी जवानों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, फायरिंग में हुए थे शहीद

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक नक्सली हमले में शहीद हुए असिस्टेंट कमांडेंट को रविवार सुबह जगदलपुर मुख्यालय में स्थित सीआरपीएफ बटालियन में जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद शहीद जवान के पार्थिव शरीर को उसके गृह राज्य रवाना कर दिया गया। बीजापुर जिले के बासागुड़ा क्षेत्र में सीआरपीएफ की 168 बटालियन के जवानों की एक टीम सड़क मार्ग की सुरक्षा के लिए कल सुबह निकली थी। इसी दौरान पुतकेल गांव के आगे डोंगलचिंता नामक नाले के पास नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। नक्सली हमले में कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट शशि भूषण तिर्की शहीद हो गए और एक कांस्टेबल बी अप्पा राव घायल हो गए। नक्सलियों ने असिस्टेंट कमांडेंट की एके 47 रायफल भी लूट ली। शहीद जवान का पार्थिव शरीर हेलीकॉप्टर से जगदलपुर लाया गया और कल दोपहर शव का पोस्टमार्टम किया गया।

दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

रविवार सुबह शहीद को नया बस स्टैंड स्थित सीआरपीएफ बटालियन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी, बस्तर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा, कलेक्टर रजत बंसल, सीआरपीएफ के आला अधिकारियों उपस्थित रहे। जवान के पार्थिव शरीर को हेलीकॉप्टर के माध्यम से झारखंड के लिए रवाना कर दिया गया है। नक्सली हमले में घायल हुए एक अन्य जवान बी अप्पाराव का उपचार जगदलपुर के एक निजी अस्पताल में जारी है। घायल जवान आंध्र प्रदेश के ईस्ट गोदावरी के निवासी हैं। चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

मोदी ने 'मन की बात' के लिए नागरिकों को विचार साझा करने को कहा

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी 27 फरवरी को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए नागरिकों से अपने विचार साझा करने के लिए कहा है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया इस महीने का 'मन की बात' कार्यक्र0म 27 फ रवरी को होगा। हमेशा की तरह मैं इसके लिए आपके सुझाव प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं। अपना सुझाव एमवाई एनएएमओ ऐप पर लिखें अथवा 1800-11-7800 डायल करें और अपना संदेश रिकॉर्ड करें।

प्रियंका ने बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र पर साधा निशाना

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर रविवार को केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में इस कारण आत्महत्या की घटनाओं में 60 फीसदी वृद्धि हुई है। प्रियंका ने अपने ट्वीट में कहा पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी के कारण आत्महत्या की घटनाओं में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 और 2020 के बीच बेरोजगारी की वजह से प्रतिदिन औसतन 12 लोगों ने आत्महत्या की। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया आप कब तक असली मुद्दों को दरकिनार करेंगे। बेराजगार युवा परेशानी में हैं। असली मुद्दे पर बात करें। कांग्रेस पार्टी केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाती रही है कि वह देश में बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने में विफल रही है।

यूपी विधानसभा चुनाव : राहुल ने पहले दो चरणों में नहीं किया प्रचार

■ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संभाला मोर्चा

नई दिल्ली/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शनिवार को समाप्त हो गया और अब सोमवार 14 फ रवरी को मतदान होगा। लेकिन इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने यूपी में एक बार भी चुनाव प्रचार नहीं किया। ऐसा नहीं है कि राहुल प्रचार के लिए ही नहीं उतरे हैं। उन्होंने बाकी के तीन चुनावी राज्यों में कांग्रेस के लिए प्रचार किया है। लेकिन राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में कोई रैली या डोर-टू-डोर अभियान नहीं किया है। राज्य में कांग्रेस के प्रचार अभियान का नेतृत्व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कर रही हैं। लगभग 30 वर्षों में यह पहली बार है जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है। प्रियंका गांधी चुनाव में पार्टी का चेहरा हैं और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। पार्टी नेता सचिन पायलट और दीपेंद्र हुड्डा ने भी उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले दो चरणों में प्रचार किया है। राहुल गांधी गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में प्रचार कर चुके हैं। वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए पार्टी के 'युवा घोषणापत्र' को लॉन्च करने के लिए प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली में मौजूद थे। उन्होंने दिसंबर में अमेठी का दौरा किया था। वे इस निर्वाचन क्षेत्र से 2019 के लोकसभा चुनावों में हार गए थे। लेकिन राहुल ने अमेठी का दौरा तब किया था जब चुनाव की घोषणा नहीं की गई थी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

60 करोड़ की हेरोइन के साथ जिम्बाब्वे की महिला गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग के अधिकारियों ने जिम्बॉब्वे की एक महिला को 60 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि महिला 12 फ रवरी को जिम्बाब्वे से मुंबई आई थी। एयरपोर्ट पर समान की तलाशी के दौरान उसके पास से 7 हजार 6 ग्राम हेरोइन और 1480 ग्राम एमडी नामक ड्रग्स बरामद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 60 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। महिला ने यह ड्रग्स अपने ट्राली बैग और फाइल फोल्डर में छिपाकर रखी थी। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मामले में कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले शनिवार को गुजरात तट से दूर अरब सागर में एक जहाज से 800 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए थे। बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 2 हजार करोड़ रुपये बताई गई है।

एफआईआर में नाम न होने पर व्यक्ति अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने की अपील नहीं कर सकता : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिस व्यक्ति का नाम एफ आईआर में आरोपी के तौर पर न हो वह आपराधिक मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने की अपील नहीं कर सकता है। जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस सीटी रवि कुमार ने यह टिप्पणी यूपीपीसीएल प्रोविडेंट फ ंड इंवेस्टमेंट घोटाले में दर्ज एफ आईआर को रद्द करने की मांग वाली याचिका की सुनवाई करते हुए की। यह एफ आईआर उत्तर

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। इसकी शुरुआती जांच प्रदेश पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। पीठ ने कहा कि इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता को कथित अपराध में आरोपी नहीं बनाया गया है। यदि याचिकाकर्ता का नाम अपराध में बतौर आरोपी नहीं है तो उसके द्वारा एफ्आईआर या मामले को रद्द करने की मांग करने का सवाल नहीं उठता है। अब इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और ऐसे में याचिकाकर्ता द्वारा राहत की मांग करना वाजिब नहीं है। साथ ही कहा कि दूसरे शब्दों में, याचिकाकर्ता सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में नामजद आरोपी नहीं है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जहरीली गैस की चपेट में आया मजदूर, मौके पर ही मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सी डब्ल्यू स्टेज-2 ट्रीटमेंट प्लांट में हेल्पर का काम करने वाले कौड़िया निवासी मनोज कुमार गंधर्व की शुक्रवार की दोपहर ड्यूटी के दौरान संदिग्ध अवस्था मे मौत हो गई है। मनोज ने मौत से पहले एसिड टैंक के ढक्कन को सफाई के लिए खोला था। ठीक आधे घण्टे बाद उसी स्थान पर गिरकर उसकी मौत हो गई। मनोज को एम्बुलेंस से एनटीपीसी अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे दिन यानि शनिवार को सीपत पुलिस ने पंचनामा किया। डॉक्टरों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया। बहरहाल शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। एसिड टैंक का ढक्कन हटाने के बाद जहरीली गैस की चपेट में आने से एनटीपीसी मजदूर की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार मनोज कुमार गंधर्व नजमूल हसन के ठेका कंपनी में हैल्पर के पद पर कार्यरत था । नाम नही छापने के शर्त पर मृतक का साथी मजदूर ने बताया कि रोजाना की तरह मनोज शुक्रवार को सुबह ड्यूटी पर आया। दोपहर 2 बजे एसिड टैंक का मेन होल खोलने का परमिट मिला था। लंच करने के बाद मनोज ने टैंक खोला और थोड़ी दूर जाकर बैठ गया। आधे घंटे बाद बैठे ही बैठे मनोज बेहोश हो गया। जानकारी के बाद आनन फानन में मनोज को अस्पताल भर्ती कराया। डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद एनटीपीसी प्रबंधन ने मामले को छिपाना चाहा। लेकिन कामयाबी नहीं मिली है। घटना के बाद मनोज की मौत की जानकारी को प्रबंधन ने दबाने का भरसक प्रयास किया। लेकिन मृतक के करीबी और परिजनो समेत प्रबंधन में काम करने वालों ने

मनोज की मौत की वजह को एसिड गैस की चपेट में आना बताया है। दूसरी तरफ एनटीपीसी एचआर अधिकारियों ने घटना की जानकारी को दबाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन बात नहीं बनी। हो हल्ला मचने के बाद एनटीपीसी प्रबंधन दबाव में आया। मृतक के भाई ने बताया कि मनोज की मौत एसिड से हुई है। एनटीपीसी ने मृतक की पत्नी को पेंशन और दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च देने का वादा किया है। एक व्यक्ति को यूपीएल में नौकरी दिए जाने का आश्वासन भी दिया है। एनटीपीसी एचआर के अधिकारी घटना के बाद से मृतक के परिवार को समझाने पहुंचे। समझाने बुझाने का सिलसिला घंटो चला। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक का छोटा भाई विनोद गंधर्व जब स्थानीय मीडिया बातचीत का प्रयास किया तो एचआर के अधिकारियों ने कुल भी बोलने से रोक दिया। दबाव में आकर मौत से पल्ला झाड़ने वाले अधिकारियों ने मृतक के परिवार और दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का वादा किया। विनोद ने आश्वासन को लिखित में मांगा। इस दौरान अधिकारियों और मृतक परिवार के बीच जमकर कहा सुनी हुई। लेकिन मामला किसी तरह शांत हो गया। मजदूरों ने बताया कि एनटीपीसी में दोपहर 1 से 3 बजे के बीच लंच का समय होता है। लेकिन एनटीपीसी के अधिकारी और ठेका कंपनी के लोग मजदूरों को आराम नहीं करने देते। बहुत ही मुश्किल में खाने की छूट देते हैं। शुक्रवार को भी मनोज गंधर्व के साथ ऐसा ही हुआ। दोपहर 2 बजे लंच के समय मनोज को एसिड टैंक खोलने को कहा गया था। और इसी दौरान उसकी गैस की चपेट में आकर मौत हो गयी। एनटीपीसी ठेकेदार नजमुल हसन के कंपनी मैनेजर सुनील पांडेय ने मृतक के परिवार को मात्र 5 हजार रुपये का सहयोग दिया। इस बात को लेकर कंपनी में काम करने वाले अन्य मजदूरों ने जमकर आक्रोश जाहिर किया। आवाज को दबाने के लिए अधिकारियों ने नौकरी से हटाने की धमकी दी। मृतक मनोज का पोस्टमार्टम करने वाले पीएचसी प्रभारी डॉ राजेन्द्र मरावी से फोन पर सम्पर्क का प्रयास किया। लेकिन डॉक्टर ने दिनभर फोन नहीं उठाया। लगातार फ ोन की आवाज से बचने के लिे डॉक्टर मरावी ने फोन ही बंद कर दिया। लोगों ने पीएम रिपोर्ट बदले जाने की आशंका को जाहिर किया। एनटीपीसी के डीजीएम एचआर विवेक चन्द्र ने बताया कि मजदूर की मौत हार्ट अटैक से हुई है मृतक के परिजनों को हर सम्भव मदद किया जाएगा। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है।

न्यूज गैलरी

अनियंत्रित ट्रक घुसी डिप्टी कलेक्टर के आवास में

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेहरू चौक के पास अनियंत्रित ट्रक बाउंड्रीवाल को तोड़कर डिप्टी कलेक्टर ललिता भगत के सरकारी आवास में घुस गया। जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। घटना के बाद पड़ोस में ही रहने वाली सीएसपी ने ड्राइवर को पकड़कर सिविल लाइन थाने को सौंपा दिया है। जहां उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना नेहरू चौक के पास की है।

एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष पर मंत्री को अपमानित करने का लगा आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशीष अवस्थी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी चंदन यादव और प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम से चर्चा के दौरान लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष ने मंत्री टीएस सिंहदेव को अपमानित किया है। इस दौरान आशीष के साथ दर्जन भर से ज्यादा वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे। सभी ने नीरज पाण्डेय के द्वारा बाबा के विरुद्ध में दिए गए बयान को पार्टी विरोधी बताया और कहा कि इससे पार्टी की छवि खराब हो रही है। उन्होंने यादव से नीरज के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया।

शादी फोटो वीडियो शूट करने गए दो युवकों से लूट, जांच में जुटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। विष्णु चौक दुर्गा मंदिर के पास तिफ रा सिरगिट्टी, बिलासपुर का रहने वाले युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थी युवक के बताए अनुसार प्रार्थी संदीप चैधरी व लक्की फोटोग्राफ ी का काम करता हूं। 11 फ रवरी को शादी में फोटोग्राफी करने तखतपुर गये थे। रात्रि में फोटोग्राफी किये एवं 12 फ रवरी को सुबह करीब 3 बजे संदीप चौधरी एवं साथी लक्की सोलकर मोटर सायकल से बिलासपुर आ रहे थे। वे लोग करीब 3.30 बजे तुलिप गार्डन के पहले पहुंचे थे। पीछे से 02 मोटर सायकल में चार लड़के उनका पीछा करने लगे। मोटर सायकल और तेज भगाने लगे। तुलिप गार्डन के पास रोड खराब होने के कारण मोटर सायकल धीमे हो गया। लुटेरों द्वारा मोटर सायकल के बराबर में आकर संदीप के कंधा को मारा। जिससे संदीप का बैलेंस बिगड़कर वे लोग खेत में जाकर गिर गये। आरोपित चारों लड़के पास में आकर संदीप एवं उसके साथी लक्की सोलकर से हांथ मुक्का से मारपीट कर विडियो रिकार्डिंग वाला सोनी एम 3 कैमरा कीमती करीब 1 लाख रूपये है जिसे मेरे साथी लक्की मोटर सायकल में पीछे बैठकर काले रंग के पिट्ठू बैग में रखा था एवं एक और काला रंग का पिट्ठू बैग जिसमें मेरा एवं लक्की का इस्तेमाली कपड़ा तथा लक्की का एटीएम कार्ड युनियन बैंक, ईसाब बैंक एवं स्टेट बैंक का, आधार कार्ड व पेनकार्ड रखा था तथा एक बैग में कैमरा का एसेसीरीज रखा था तीनों बेग को सामान सहित एवं लक्की का सेमसंग कम्पनी का मोबाइल ए 21 एक जिसमें सिम एयरटेल का नं 7723018604 एवं 8085810604 लगा है। किमती 5000 रूपये लुटकर ले गये। चारों चेहरा में कपड़ा बांधे हुए थे। वे आपस में छत्तीसगढी भाषा में बात कर रहे थे एवं हमे गाली बक रहे थे जिसमें से एक व्यक्ति को संदीप मुक्का मारा तो दूसरा व्यक्ति चाकू मार कहकर बोला जिससे संदीप डर गया एवं पीछे हट गया। लुट करने वाले में तीन व्यक्ति कम हाईट एवं एक व्यक्ति हट्टा कट्टा व ज्यादा उचाई का था। लुट करने के बाद भागते समय देखा एक मोटर सायकल एचएफडिलक्स था दूसरा मोटर सायकल कौन सा देख नही पाया लुट करने के बाद वे चारों बिलासपुर सकरी की ओर भाग गये। अपने मोटर सायकल जो गिरने से क्षतीग्रस्त हो गया है से थाना आये और रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस प्रशासन ने की बिलासपुर उच्च न्यायालय के आदेश की अवेहलना!

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सम्बंध में शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता के माध्यम से एक जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसकी सुनवाई चीफ जस्टिस पी. रामचंद्र मेनन और जस्टिस पी.पी. साहू की डबल बेंच ने की। जिला अस्पताल की सिविल सर्जन और बिलासपुर की पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह के खिलाफ चार करोड़ 90 लाख रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में हाईकोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही राज्य शासन को विभागीय जांच व घोटाले के दोषियों से राशि वसूलने का भी आदेश दिया गया है। जानकारी हो कि डॉ. मधुलिका सिंह सीएमएचओ के पद पर थी। इस ऑडिट रिपोर्ट को शासन को सौंपे जाने के बावजूद उन्हें संयुक्त संचालक पद का दोहरा दायित्व सौंप दिया गया और रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद डॉ. मधुलिका सिंह तथा अन्य दोषी लोगों के खिलाफ दर्ज करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक को हाईकोर्ट ने दिया है। इसके अलावा याचिकाकर्ता को इस प्रकरण से सम्बन्धित दस्तावेज पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा गया है। राज्य शासन को भी इस मामले में विभागीय जांच, वसूली तथा अन्य कार्वाई करने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ता को यह छूट भी दी गई है कि वह चाहे तो इस मामले में अलग से आपराधिक प्रकरण दायर कर सकता है। याचिका में कहा गया है कि सीएमएचओ कार्यालय की ओर मितानिनों की नियुक्ति उनके प्रशिक्षण तथा दवा खरीदी सहित अन्य कार्यों के लिए चार करोड़ 90 लाख 35 हजार 371 रुपये खर्च किये गये थे। महालेखाकार कार्यालय की टीम ने इस खर्च की ऑडिट सात जनवरी 2005 से 20 जनवरी 2005 तक के मध्य पूरा किया। ऑडिट रिपोर्ट पर आने पर पता पड़ा कि शासन की ओर से आबंटित राशि की जमकर गड़बड़झाला किया गया है। इस राशि की गड़बड़ी एक सितम्बर 2003 से 31 दिसम्बर 2004 के बीच की गई। ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि इंदिरा स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम में 45.20 लाख रुपये, अंधत्व निवारण कार्यक्रम में 41.95 लाख रुपये, नसबंदी ऑपरेशन में 14.96 लाख रुपये का अधिक अथवा गलत भुगतान किया गया। इसके साथ स्वीकृत पद से अधिक स्टाफ रखकर 13.62 लाख रुपये का अधिक भुगतान करने की बात भी सामने आई है। ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया कि दो करोड़ 50 लाख रुपये का कोई हिसाब ही नहीं है जो रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ प्रोग्राम के लिए आबंटित किये गये है। इस राशि को खर्च किया जाना बताया गया है लेकिन इसका अभिलेख और खर्च के वाउचर ही उपलब्ध नहीं कराये गये।

सरकंडा पुलिस कर रही आदेश का उल्लंघन

इस पूरे मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय से भी आवश्यक दस्तावेज सरकंडा थाने को दिया गया है लेकिन इसके बाद भी आज दिनांक तक कार्यवाही नहीं हो सकी है इससे प्रतित हो रहा है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा लापरवाही बरती जा रही हैं व दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

सफाईकर्मियों के आंदोलन को आप का मिला समर्थन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी, बिलासपुर के तरफ से, हम साथीगण और सभी पदाधिकारियों के तरफसे हम यह दुख प्रकट करते है कि आप तमाम सफाईकर्मी साथीगण के साथ जो घटना हुई, वो बेहद अफसोस जनक है, ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। हम 'आप' बिलासपुर के सभी कार्यकर्ता व 'आप' के पदाधिकारी आपके आंदोलन में अपना समर्थन देते है, और सरकार से मांग करते है कि सफ ईकर्मी साथियों की मांग को अविलंब पूर्ण किया जाना चाहिए, और आरोपी शैलेंद्र सिंह पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। मामला दर्ज नहीं होने पर, हम साथीगण सड़क से लेकर न्यायालय तक की प्रक्रिया में सफाईकर्मी साथियों के साथ लड़ने को तत्पर है।

कानन-पेंडारी जू में मादा हिप्पोपोटामस की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के मिनी जू कानन-पेंडारी जुलाजिकल पार्क की एक मादा हिप्पोपोटामस की मौत हो गई है। देर शाम पोस्टमार्टम करके उसको दफ्ना दिया गया है। जू में तैनात वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मादा हिप्पो की अकस्मात मौत का कारण प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक होना प्रतीत हो रहा है। कानन-पेंडारी के रेंजर संजय लूथर ने बताया कि शनिवार 12 फरवरी को कानन-पेण्डारी जूलॉजिकल गार्डन, बिलासपुर में एक मादा हिप्पोपोटामस की अकस्मात मृत्यु प्रातः 11 बजे के मध्य हो गई। उक्त मादा हिप्पोपोटामस की उम्र लगभग 4 वर्ष थी। मादा हिप्पो को फ रवरी 2021 में नंदनकानन, भुवनेश्वर से लाया गया था। जू-कीपर्स के अनुसार उक्त मादा हिप्पो ने प्रातः 9:30 बजे हरा चारा खाया था। हिप्पोपोटामस की मृत्यु के पश्चात शव-विच्छेदन प्रक्रिया सांयकाल 4 बजे से 5 बजे तक संचालक, अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व कोनी, अधीक्षक, एवं परिक्षेत्राधिकारी, कानन-पेण्डारी जू की उपस्थिति में पशु चिकित्सकों की समिति सदस्य डॉ. आर. एम. त्रिपाठी, डॉ. राम ओत्तलवार, डॉ. अजीत पाण्डेय, कानन पेण्डारी जू के द्वारा किया गया एवं परीक्षण हेतु विसरा एकत्रित करने के बाद मादा हिप्पो को दफ्ना दिया गया . पशु चिकित्सकों की समिति द्वारा मादा हिप्पोपोटामस की मृत्यु का कारण प्रथम दृष्टया, हार्ट अटैक होने की संभावना बताई जा रही है ।

32वां बिलासा महोत्सव 19 व 20 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा कला मंच बिलासपुर का प्रतिष्ठा पूर्ण आयोजन बिलासा महोत्सव 19 एवं 20 फ रवरी को पंडित देवकी नन्दन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय परिसर, बिलासपुर में आयोजित होगा। मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव ने बताया कि विगत 31 वर्ष से बिलासा महोत्सव तीन दिवसीय आयोजित किया जाता रहा है कोरोना के कारण पिछले वर्ष से दो दिनी किया जा रहा है। शनिवार 19 फ रवरी को संध्या 5 बजे से लोक संस्कृति संदर्भ छत्तीसगढ़ और नदियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आचार्य ए डी एन वाजपेई, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेई वि. वि. बिलासपुर होंगे, संगोष्ठी की अध्यक्षता डा विनय पाठक, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग करेंगे।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में त्रिलोक चंद महावर, वरिष्ठ साहित्यकार, डायरेक्टर, अकादमी ऑफएडमिनिस्ट्रेशन रायपुर उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा ओमप्रकाश भारती विभागाध्यक्ष, प्रदर्शनी कला विभाग, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय वि. वि.वर्धा होंगे। प्रस्तावना डा अजय पाठक वरिष्ठ साहित्यकार का होगा। रविवार 20 फरवरी को संध्या 6 बजे से बिलासा महोत्सव में गीत, संगीत, नृत्य का रंगझाझर प्रस्तुति होगी। महोत्सव के मुख्य अतिथि अटल श्रीवास्तव, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशरण यादव, महापौर, नगर निगम बिलासपुर करेंगे। वही विशिष्ठ अतिथि के रूप में डा लालित्य ललित, संपादक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली, डा अनीश चंद्र जनसंपर्क अधिकारी एसईसीएल बिलासपुर, डा संजीव कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार, दिल्ली उपस्थित रहेंगे।

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाईन थाना अंतर्गत प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की आरोपी विजय धृतलहरे पिता उत्तरा कुमार धृतलहरे उम्र-30 वर्ष निवासी अमलीडी लोरमी ने प्रार्थिया से जान पहचान बढ़ाकर प्रार्थिया के संपर्क में आया प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा प्रार्थिया के द्वारा शादी के लिए बोलने पर मना कर आनाकानी करने लगा और प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में तत्काल अपराध क्रमांक-180/22 धारा-376, 506 भा द वि पंजीबद्ध किया गया तथा रिपोर्ट की सूचना जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारुल माथुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाइन) मंजू लता बाज को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी की पता तलाश कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुए इसी तारतम्य सिविल लाइन थाने से एक टीम बनाकर आरोपी के निवास पर दबिश दिया गया जो आरोपी घर पर मिला पूछताछ करने पर उसने प्रार्थिया के साथ शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करने का अपराध घटित करना स्वीकार किया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया और जुडिशल रिमांड पर भेजा गया।

2 फड़ से 8,340 रुपए के साथ 15 जुआरी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना कोनी क्षेत्र अंतर्गत ताश पत्ती पर रूपये पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। घटना की जानकारी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर को अवगत कराया गया। जिनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक, सरकण्डा, स्नेहिल साहू के मार्गदर्शन पर निरीक्षक थाना प्रभारी सुनील तिर्की के नेतृत्व पर थाना कोनी के स्टाफ द्वारा ग्राम कछार रेत घाट के पास रेड कार्यवाही कर आरोपीगण प्रदीप खूटे, सुशील बघेल, महेन्द्र सूर्यवंशी, बलराम पटेल, बेदीलाल पटेल, विजय सूर्यवंशी, दीपक पटेल, राजा पात्रे सभी निवासी-कछार थाना कोनी जिला बिलासपुर से जुआ के फ्ड से कुल जुमला रकम 3200 रूपये एवं 52 पत्ती ताश तथा ग्राम सेंदरी

शराब भटटी के पास से आरोपीगण गौरीशंकर बंदे, अशोक सतनामी, मनोज सूर्यवंशी, आकाश पात्रे, बसंत केंवट, दीपक पात्रे, श्रीराम यादव सभी निवासी-कछार, सेंदरी थाना कोनी जिला बिलासपुर को रेड कार्यवाही कर 52 पत्ती ताश से रूपये पैसो का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाये जाने पर फ्ड से कुल 5140 रूपये कुल जुमला रकम 8340 रूपये जप्त कर आरोपिगणों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है।

पत्नी के रहते दूसरी बीवी लाने पर हाईकोर्ट ने तलाक की मंजूरी देने से किया इनकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि पति अपने साथ कोई दूसरी महिला रख ले और इस स्थिति में यदि पत्नी घर छोड़ दे तो उसे पत्नी द्वारा परित्याग नहीं माना जाएगा। इस तरह कोर्ट ने पति की तलाक के लिए की गई अपील अस्वीकार कर खारिज कर दी है। पीएससी परीक्षाओं में सवर्णों को आरक्षण देने का मामला, एचसी ने सुरक्षित रखा फैसला हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के निर्णय को ठहराया सही। चिरमिरी निवासी उत्तम राम की शादी सूरजपुर जिला निवासी कयासों बाई से 25 साल पहले हुई थी। उनकी तीन बच्चियां हुई,

जिनका अब विवाह हो चुका है। अपनी शादी के कुछ साल बाद उत्तम ने एक और महिला को घर में रख लिया। इससे परेशान होकर पत्नी कयासों घर से चली गई। इस बात से नाराज पति ने मनेन्द्रगढ़ परिवार न्यायालय में एक तलाक देने का आवेदन पेश किया। आवेदन में पत्नी द्वारा उसे और घर को त्यागने को आधार बनाया गया। इसे निराधार पाकर फैमिली कोर्ट ने तलाक का आवेदन निरस्त कर दिया। फैमिली कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। हाईकोर्ट जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस रजनी दुबे की डिवीजन बेंच ने प्रकरण में सुनवाई के दौरान पाया कि पत्नी ने दूसरी महिला के कारण घर छोड़ा, यह परित्याग नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कहा कि एक विवाहित पति और पत्नी के मामले में इस परिस्थिति में घर परित्याग का प्रकरण नहीं बनता है। जिन परिस्थितियों में पत्नी ने यह कदम उठाया, वह सही था। पत्नी को प्रताड़ित कर घर छोड़ने को विवश किया गया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पति की अपील खारिज करते हुए तलाक देना सही न पाते हुए फैमिली कोर्ट के निर्णय को सही ठहराया है।

सुगम उद्योग, व्यापार और उन्नत कारोबार विषय पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से की बात

■ छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में नये उद्योग की स्थापना के साथ हजारों लोगों को मिला रोजगार

■ छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन: पांच वर्षों में 15 लाख रोजगार स्थापना का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 26वीं कड़ी में आज ''सुगम उद्योग, व्यापार-उन्नत कारोबार'' विषय पर प्रदेशवासियों से बात-चीत की। मुख्यमंत्री बघेल की रेडियोवार्ता लोकवाणी की 26वीं कड़ी को आज तिल्दा विकासखंड के ग्राम गनियारी के मनरेगा में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने सुना।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में सभी को आजीविका और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पहल की जा रही है। वन क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र, अर्द्धसरकारी क्षेत्र हो या निजी क्षेत्र, जहां भी रोजगार के अवसर दिख रहे हैं, वहां सरकार योजना बना कर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में उद्योग, व्यापार और कारोबार के लिए अनुकूल वातावरण है।राज्य में हमने शुरू से ही ऐसे कार्यों को महत्व दिया है, जिससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए और रोजगार के अवसर बढ़ें।

लोकवाणी की 26वीं कड़ी प्रसारित

ग्रामीणों ममता, केजबती, दुलारी, कल्याणी, टिकेश्वर, नंदनी, श्रीमती प्यारी ने कहा कि सरकार के फैसलों से गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उसका लाभ उद्योग और व्यापार जगत को भी मिला। निश्चित तौर पर सबके सहयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार बनाने में सहायता मिलेगा। ऐसे प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में नए उद्योग स्थापित होने के साथ-साथ हज़ारो लोगों को रोजगार का अवसर मिला है।

हेमंत आडिल, सुशीला, कलिन्द्री, सेवक, रूखमणी, राजेन्द्र आदि ग्रामीणों ने कहा कि धान से एथेनॉल बनाने की अनुमति मिलने से धान के बम्पर उत्पादन को सही दिशा में उपयोग करते हुए बड़े पैमाने पर एथेनॉल बना सकते हैं और इससे बहुत बड़े पैमाने पर रोजगार का अवसर भी बनेगा। इससे धान उत्पादक किसानों को बेहतर दाम मिलेगा और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने उद्योगों की सुगमता पर भी जोर दिया है। निश्चित तौर पर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मापदण्ड विश्व बैंक द्वारा तय किए जाते हैं।इससे पता चलता है कि किसी देश अथवा किसी राज्य में कामकाज की सुगमता की क्या स्थिति है।ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मापदण्डों में हमारा छत्तीसगढ़ देश के प्रथम 6 राज्यों में शामिल है। ग्रामीणों बलराम और मेट दामिनी, पार्वती, रीना ने कहा कि भू-खण्डों की खरीदी और बिक्री पर लगी रोक को हटाने से कारोबार और रोजगार के अवसर बढ़ा है। एक भू-खण्ड बिकने से क्रेता-विक्रेता के अलावा उस भू-खण्ड को विकसित करने वाले कई लोगों को लाभ मिलता है। सीमेंट, लोहा, भवन सामग्री के विक्रेता, बिजली, नल, मिस्त्री, बढ़ई, राजमिस्त्री और कई तरह के काम करने वाले लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी चलने लगी।सरकार ने संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों के कल्याण की योजनाएं बनाकर परंपरागत कौशल को नवीन ज्ञान से संवारने हेतु उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था काबिले तारीफ है। इससे ऐसे अवसर पैदा होंगे कि श्रमिकों को अन्य प्रदेशों में जाना नहीं पड़ेगा।

न्यूज गैलरी

सड़क पर मिले 20 घुमंतू बच्चे, 16 को उनके माता पिता व 4 को बाल गृह भेजा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग–अलग इलाकों में घूम रहे 20 से अधिक बच्चों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने रोका। बच्चों से पूछताछ करने पर पता चला कि वे ऐसे ही घूमते रहते हैं। इनमें से 16 बच्चों के माता-पिता को समझाया गया कि वे अपने बच्चों को बाहर न घूमने दें, पढ़ाएं, लिखाएं उनका जीवन संवारे। चार बच्चों के बारे में संतोषजनक जानकारी न मिलने पर उन बच्चों को बाल गृह भेजा गया। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर स्ट्रीट सिचुएशन आफचिल्ड्रन के संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने राजधानी के अनेक इलाकों का निरीक्षण किया। घड़ी चौक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कमल विहार, पचपेड़ी नाका, गुढ़ियारी, चूना भट्ठी, अमलीडीह, मरीन ड्राइव, राजेंद्र नगर, सांई मंदिर, कटोरातालाब, जयस्तंभ चौक, कालीबाड़ी आदि जगहों पर निरीक्षण के दौरान 20 बच्चों को चिन्हांकित किया गया। वे बच्चे दिनभर इधर-उधर घूमते थे। इनमें से दो बालिकाओं को खुला आश्रय गृह मरीन ड्राइव तेलीबांधा और दो बालकों को शासकीय बालक गृह माना भेजा गया ताकि उनका सही ढंग से पालन पोषण हो सके।

धान खरीदी में लाखों का फर्जीवाड़ा, कंप्यूटर आपरेटर सहित चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि साख सहकारी समिति के कंप्यूटर आपरेटर सहित उसके तीन साथियों को धान खरीदी में लाखों के फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि तीनों ने मिलकर पांच लाख की राशि हड़प ली। तिल्दा नेवरा थाना पुलिस ने कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भिंभौरी के प्रबंधक तेज राम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। समिति मर्यादित भिंभौरी में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर काम करते हुए टेकराम साहू ने वर्ष 2021-22 में अपने तीन अन्य सहयोगी साथियों तुकाराम साहू, वीरेंद्र कुमार धीवर, हेम कुमार धीवर के साथ मिलकर धान खरीदी कार्य में फर्जी नाम पर छलकपट पूर्वक धान विक्रय किया। मिली जानकारी के अनुसार टेकराम साहू ने साथियों के साथ मिलकर फर्जी नाम पर कूटरचना एवं छलकपट पूर्वक धान विक्रय किया। इसमें तीन पृथक कृषक का रकबा नाम, बिना उन कृषकों का सहमति के जोड़कर रकबा बढाया गया है। वहीं, किसानों का बैंक खाता ना देकर पैसा, अपने सहयोगी वीरेंद्र कुमार धीवर के खाता में दर्ज कराया गया। धान आवक टोकन संजय कुमार नायक के नाम पर काटकर धान विक्रय किया गया है। वीरेंद्र के खाते में दो लाख 83 हजार 500 रुपये डाल दिए गए। इस प्रकार समिति के आपरेटर द्वारा कूटरचना कर नारायण के नाम पर फर्जी धान विक्रय कर शासन को तीन लाख 31 हजार 904 रुपये की निकाल लिए गए।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार 31 पौव्वा देसी शराब जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 31 पौव्वा देसी शराब जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक टाटीबंध हीरापुर छुईया तालाब के बाउण्ड्रीवाल के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग प्लास्टिक की बोरी में अवैध रूप शराब बिक्री करने के लिये रखे हुए की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच एक व्यक्ति को पकड़ उसका नाम पता पुछने पर अपना नाम विक्रम सिंह पिता रविन्द्र सिंह उम्र 26 साल निवासी आमानाका रायपुर बताया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग प्लास्टिक की बोरी मे 31 पौवा देसी मशाला अनुमानित कीमत 3410 रूपये को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री ने दाऊ कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज सेवी और छत्तीसगढ़ के महान दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की 13 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि दाऊ कल्याण सिंह दीन-दुखियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने अस्पताल, पुस्तकालय, कॉलेज, जलाशय जैसे कई कामों के लिए मुक्त हाथों से कई एकड़ जमीन दान कर दी । इससे समाज के हर वर्ग को आसानी से शिक्षा और चिकित्सा सुविधा देने में मदद मिली। श्री बघेल ने कहा कि दाउ कल्याण सिंह के पुण्यकर्म हमेशा उनकी याद दिलाते रहेंगे। उनका नाम छत्तीसगढ़ में हमेशा आदर के साथ लिया जाता रहेगा।

संभाग कमिश्नर ने विभिन्न शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बिलासपुर संभाग के कमिश्नर डॉ संजय अलंग और कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला ने जांजगीर जिला मुख्यालय में विभिन्न शासकीय कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डॉ अलंग ने पंजियों का सत्यापन नहीं होने पर कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई पी के गुप्ता और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह सिदार के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने कहा कि कार्यालय की सभी पंजियों की पृष्ठ संख्या का सत्यापन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी पेज का पृष्ठांकन भी अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजियों का सत्यापन नहीं होना एक गंभीर लापरवाही मानी जाएगी और इसके लिए कार्यालय प्रमुख स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों का भौतिक सत्यापन निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करें। कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने जिला पंचायत, समाज कल्याण, खादी ग्राम उद्योग, डीएमएफ, प्रधानमंत्री आवास योजना, उप संचालक पंचायत, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यालयों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला भी उपस्थित थे।

सीआईएफ के तत्वावधान में हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी पर ऑनलाईन हैंडस आन ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान है। जिसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस की मान्यता प्रदान की गयी है। यह छत्तीसगढ़ में एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उच्चस्तरीय 151-200 विश्वविद्यालयों में एक है। कलिंगा विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद आदि प्रतिष्ठित संस्थानों से मान्यता प्रदान की गयी है।

मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान पर केंद्रित कलिंगा विश्वविद्यालय में नये शोध और नयी खोज को विकसित करने के लिए सर्वसुविधायुक्त सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) की स्थापना की गयी है। सीआईएफ के द्वारा विश्वविद्यालयीय छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ बाहरी शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के लिए भी उच्च-स्तरीय शोध उपकरणों को उपलब्ध कराकर एक बेहतर शोध वातावरण बनाने के लिए प्रयास किया जाता है। सी आई एफ के द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय में सीआईएफ विभाग के द्वारा स्केनिंग इलेक्ट्रान माईक्रोस्कोप, एक्सरे डिफ्रेक्टोमीटर और मॉलेक्यूलर टेक्निक्स पर ऑनलाईन हैंडस आन ट्रेनिंग प्रोग्राम के सफल आयोजन के पश्चात 12 फरवरी 2022 को हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी पर एकदिवसीय ऑनलाईन हैंड्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ.संदीप गांधी, सभी संकाय के अधिष्ठाता एवं समस्त विषय के विभागाध्यक्ष,समस्त प्राध्यापक, प्रतिभागीगण और विद्यार्थियों की वर्चुअल उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर. श्रीधर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान के लिए नवीनतम और सबसे उन्नत विश्लेषणात्मक तकनीकों के साथ सर्वसुविधायुक्त सुविधा प्रदान करना है, जिससे उपयोगकर्ता प्रयोगशाला, शोधकार्य और औद्योगिक आवश्यकता को समझकर अपने उद्देश्य को पूर्ण कर सकेंगे और उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेंगे।इस प्रशिक्षण के उपरांत शोधकर्ता अपने सटीक शोध निष्कर्षों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल में भेजकर प्रकाशित कर सकेंगे और वैश्विक विकास में सहभागी बनेंगे।

कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक और शोध विभाग के अधिष्ठाता डॉ. बैजू जॉन ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की संरचना को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि प्रशिक्षणार्थी प्रयोगशाला अनुसंधान और औद्योगिक आवश्यकता को समझ सकें और आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत निश्चित रूप से प्रशिक्षणार्थी इस मंच के तहत प्रशिक्षण विधि एवं चर्चा से लाभान्वित होंगे और हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी के कार्य और संचालनप्रक्रिया को आसानी से समझेंगे।

विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता डॉ.वी.पी.कोला के द्वारा अतिथियों के परिचय एवं स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रथम सत्र में फार्मेसी विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री खुशबू गुप्ता के द्वारा हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी पर परिचय देने के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुयी।उनके द्वारा हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी के विभिन्न अनुप्रयोगों पर जानकारी प्रदान की गयी। इसी तकनीकी सत्र में इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.एन.के. धापेकर के द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हाई परफार्मेंस लिक्विड क्रोमेटोग्राफी के विभिन्न अनुप्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र को विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता डॉ.वी.पी.कोला के द्वारा संचालित किया गया, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि और प्रतिभागियों के लिए औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।उक्त समापन समारोह में कुलपति- डॉ आर श्रीधर, महानिदेशक डॉ बैजू जॉन, समस्त अधिष्ठाता और विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

अगले छह महीने में पूरा होगा गोगांव अंडरब्रिज का काम

■ पुराने ठेकेदार को किया टर्मिनेट

■ एक करोड़ 38 लाख रुपए की अमानत राशि जप्ती और वसूली भी होगी

■ नए ठेकेदार को स्वीकृति पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। उरकुरा-सरोना बायपास रेल लाइन पर गुढ़ियारी- गोगांव रेलवे अंडर ब्रिज का काम अगले छह महीने में पूरा होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग ने इस अंडर ब्रिज को बनाने में लगे ठेकेदार मे. व्ही बी प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर को काम में लापरवाही, धीमी प्रगति और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी काम में उदासीनता बरतने पर टर्मिनेट कर दिया है। इसके साथ ही अब फिर से निविदा बुलाकर नए ठेकेदार को अनुबंधित कर स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया है। गोगांव अंडर ब्रिज का बांकी काम अब मेसर्स बंसल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। काम पूरा करने विभाग ने छह माह की अवधि निर्धारित की है।

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रायपुर के इंजीनियर सी के पांडेय ने आज यहाँ बताया कि गुढ़ियारी-गोगांव रेल मार्ग पर गोगांव गेट पर अंडर ब्रिज बनाने का काम मई 2016 में मे. व्ही बी प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को दिया गया था। कार्य एंजेसी को वर्षाकाल के साथ 12 महिने मे काम पूरा करना था। कार्य स्थल पर अतिक्रमण को हटाने में देरी के कारण ठेकेदार को गोगांव अंडरब्रिज बनाने की समयावधि जनवरी 2018 तक बढ़ाई गई थी। कार्य एंजेसी द्वारा श्रमिकों की कमी, आवश्यक संसाधनों की कमी और कुशल तकनीकी स्टॉफ नहीं होने के कारण इस समय अवधि में काम पूरा नहीं किया जा सका। अंडरब्रिज में बाक्स पूशिंग के लिए भी जरूरी तकनीकी उपकरण और कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अंडरब्रिज का काम निर्धारित कार्य योजना अनुसार नहीं किया जा सका। श्री पाण्डेय ने बताया कि काम की धीमी गति, लापरवाही और समय अवधि में कार्य योजना अनुसार काम पूरा नहीं होने के कारण मेसर्स व्ही बी प्रॉपर्टीज एण्ड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर को समय-समय पर नोटिस भी जारी किए गए लेकिन कंपनी द्वारा गोगांव अंडरब्रिज का काम पूरा करने में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

95 वर्ष की बुजुर्ग महिला को सभापति प्रमोद दुबे ने दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में आगामी 2023 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भी संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे के निर्देश पर रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले सभी 12 ब्लाकों में युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर घर जाकर कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को जोड़ रहे हैं। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि रायपुर शहर में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है मैनुअल के साथ-साथ डिजिटल सदस्यता अभियान पर भी ज़ोर दिया जा रहा है जिसके लिए जोन स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। डॉ खूबचंद बघेल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले वामन राव लाखे वार्ड में भी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आज 95 वर्ष की बुजुर्ग महिला श्रीमती आशा ठेंगड़ी को सभापति प्रमोद दुबे सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी ने सदस्यता दिलाई साथ ही वार्ड अध्यक्ष विष्णु राजपूत के द्वारा वार्ड में 1600 से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा गया है।

एमडी ने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की कार्य योजनाओं का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। एमडी अभिजीत सिंह ने आज अतिरिक्त प्रबंध संचालक श्री चंद्रकांत वर्मा के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा संचालित कार्य योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तेलीबांधा में निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम, हल्का तालाब, आरछी तालाब एवं रोहिणी पुरम तालाब के सौंदर्यीकरण व यूथ हब कार्य योजना की मैदानी स्थिति का निरीक्षण कर प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने तेलीबांधा तालाब में बने डेढ़ एमएलडी के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और पानी के उपचार प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की तकनीकी टीम भी इस दौरान उनके साथ थी।

एमडी सिंह ने निरीक्षण के दौरान तेलीबांधा में निर्माणाधीन ड्रेनेज सिस्टम के तैयार हो जाने के बाद भी पुराने ड्रेनेज सिस्टम को भी संचालित रखने हेतु सुझाव दिया है। उन्होंने हल्का एवं आरछी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य योजना की पूरी जानकारी लेते हुए समयावधि पर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है।

बीजापुर मुठभेड़ के शहीद को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजली

■ बीजापुर मुठभेड़ पर धरमलाल कौशिक का बयान शहादत का अपमान है

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर नक्सली मुठभेड़ के शहीदों को कांग्रेस ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया है। हमले में हुई शहादत पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज़ करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा लाशों पर राजनीति मत करे। हमारे वीर शहीद की शहादत व्यर्थ नही जाएगी। राजनैतिक बयानबाजी की एक मर्यादा और सीमा होती है भाजपाई आरोप लगाने की अंधी दौड़ में सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ रहे हैं। भाजपा नेता केवल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए शहादत का अपमान कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष भूल रहे हमारे जवानों के हौसले के कारण विगत 3 साल में संपूर्ण छत्तीसगढ़ सहित बस्तर में हो रहे विकास कार्यो से नक्सल गतिविधियों में कमी आई है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार नक्सल घटनाओं में 37 प्रतिशत और शहादत में 52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। बस्तर के विकास में आम जनता की सहभागिता से नक्सलियों का मनोबल टूटा है। नक्सली इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली-पानी, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण में तेजी से नक्सल प्रभाव सिकुड़ रहा है। जगरगुंडा-बासागुड़ा राजमार्ग पिछले 20 सालों से बंद था जो अब शुरु किया गया है। नक्सल प्रभावित इलाकों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के कैमरे स्थापित किए गए हैं। जनसुविधा और कल्याणकारी योजनाओं से आमजनता का भूपेश सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, जिससे नक्सलियों के पैर उखड़ने लगे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि 2003 में सुदूर बस्तर के 3 ब्लॉकों तक सीमित नक्सलवाद भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के कुशासन में 14 जिलों तक प्रसारित हुआ। पोडियम लिंगा, जगत पुजारा और धर्मेंद्र चोपड़ा जैसे भारतीय जनता पार्टी के एजेंटों का नक्सल कनेक्शन सर्वविदित है। रमन राज में नक्सलियों पर कार्यवाही के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों को नक्सली बताकर जेल में बंद कर दिया जाता था, जस्टिस पटनायक कमेटी की रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है।

कार्यकर्ताओं ने 2018 में सरकार बनाई थी, 2023 में फिर से सरकार बनायेंगे: मरकाम

■ डिटिजल बनते ही सीधे प्रदेश कांग्रेस और राष्ट्रीय कांग्रेस से सीधे जुड़ जायेंगे

■ बिलासपुर में डिजिटल सदस्यता संभागीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय लखीराम सभागार बिलासपुर में संभागीय डिजिटल सदस्यता प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कार्यकर्ता ही 2018 में सरकार बनाये थे और कार्यकर्ताओं के बल पर ही 2023 में कांग्रेस सरकार बनायेगी। सदस्यता अभियान अभी तक किताबों के माध्यम से चलती रही है, अब आज से आपके संभाग में डिजिटल सदस्यता प्रारम्भ होगी। हमारा लक्ष्य है प्रदेश में 10 लाख सदस्य बनें और सभी बूथ स्तर तक मजबूत सदस्यता अभियान चले। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस के सदस्य कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष ही कांग्रेस के रीढ़ की हड्डी हैं, आप सभी को कांग्रेस की विचारधारा, रीति-नीति के साथ ही तीन साल की भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की जवाबदारी है। बिलासपुर संभाग में 2018 में कांग्रेस 11 सीटों पर पिछड़ गई थी, इस बार हमारा लक्ष्य संभाग की सभी 24 सीटों को जीतने का है। डिजिटल सदस्य बनते ही कार्यकर्ता सीधे प्रदेश कांग्रेस और अखिल भारतीय कांग्रेस से जुड़ जाते हैं। मैं आज आप सभी से अपील करता हूॅं कि सरकार के उपलब्धियों को जन-जन तक सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से जरूर पहुॅंचाये।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी चन्दन यादव ने डिजिटल सदस्यता क्यों आवश्यक है, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी से सोशल प्लेटफार्म पर मुकाबला करने के लिए कार्यकर्ताओं का डिजिटल सदस्य बनना आवश्यक है। 2014 में सोशल मीडिया पर हमारी उपलब्धियों के विरोध में प्रचार कर भाजपा सत्ता में आई, 2023 और 2024 के चुनाव में हम सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से विपक्षियों के झूठ को नाकाम करना है। कांग्रेस की विचारधारा और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कांग्रेस के योगदान को लेकर भी हम सभी को सजग रहना है।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी डाटा एनालिटिक्स विभाग के समन्वयक विशाल मीणा ने डिजिटल सदस्यता क्यों आवश्यक है, डिजिटल सदस्यता कैसे करें, इसके फायदे क्या हैं? इस विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और प्रशिक्षण दिया।

संपादकीय

चुनाव में गड़बड़ी के आरोप

पांच राज्यों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पहले चरण का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। पहले चरण के मतदान को लेकर समाजवादी पार्टी ने गड़ीबड़ी करने का आरोप लगाया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि हले चरण के मतदान के दौरान गड़बड़ी की गई है। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए है।अखिलेश यादव का कहना है कि पहले चरण के मतदान के दौरान अनेक मतदान केन्द्रों में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकयतें सामने आई है। यही नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी के समर्थक मतदाताओं को मतदान करने से रोका भी गया है। इसी तरह का आरोप किसान नेता राकेश टिकैत ने भी लगाया है। उन्होने तो एक कदम आगे बढ़ते हुए यहां तक कह दिया है कि 15 हजार वोट पहले भाजपा को पड़ेंगे उसके बाद ही दूसरी पार्टियों के वोटों की गिनती होगी। जाहिर है इस तरह के आरोप लगाकर अभी से हार के बहाने तलाशे जा रहे है। वैसे भी किसी भी चुनाव में जो भी विपक्षी पार्टियां पराजित होती है वे ईवीएम को लेकर विधवाविलाप शुरू कर देती है। ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश के पहले चरण के लिए जिन 58 सीटों पर मतदान हुआ है वहां समाजवादी पार्टी और भारतीय लोकदल को वांचित सफलता नहीं मिल पाई है। पिछले विधानसभा चुनाव में इन 58 सीटों में से 53 सीटें भाजपा ने जीती थीं। इसलिए वहां इसबार भी भाजपा की स्थिति बेहतर रहने की ही संभावना नजर आ रही है। यही वजह है कि एक ओर तो समाजवादी पार्टी इन सभी 58 सीटों पर जीत का दावा कर रही है वहीं दूसरी ओर मतदान के दौरान गड़बड़ी के आरोप भी लगा रही है। इसका मतलब साफ है कि यदि समाजवादी पार्टी चुनाव हार जाती है तो वह एक बार फिर ईवीएम के सिर पर ही अपनी हार का ठीकरा फोड़ेंगी।

विचार

भारत का लोकतंत्र सबल कैसे हो?

दुनिया के किन-किन देशों में कैसा-कैसा लोकतंत्र है, इसका सर्वेक्षण हर साल ब्लूमबर्ग नामक संस्था करती है। इस साल का उसका आकलन है कि दुनिया के 167 देशों में से सिर्फ 21 देशों को आप लोकतांत्रिक कह सकते हैं। 56 देश खुद को लोकतांत्रिक बताते हैं लेकिन वे लंगड़ाते हुए लोकतंत्र हैं। याने दुनिया के ज्यादातर देश या तो तानाशाही में जी रहे हैं या फौजशाही में या पार्टीशाही में या परिवारशाही या राजशाही में ! उन राष्ट्रों में आम जनता के मूल अधिकारों की परवाह करनेवाला कोई नहीं है। न सरकार, न अदालत और न ही संसद ! यह संतोष का विषय है कि भारत में नागरिकों के अधिकारों का जब भी उल्लंघन होता है तो सरकारें, संसद और अदालतें उनका संज्ञान लिये बिना नहीं रहतीं। भारत को गर्व है कि आज तक उसमें फौजी तख्ता-पलट की कोई कोशिश तक नहीं हुई जबकि हमारे पड़ौसी देशों में कई बार तख्ता-पलट हो चुके हैं। इन देशों के संविधान भी कई बार पूर्णरुपेण बदल चुके हैं लेकिन भारत का संविधान अब तक ज्यों का त्यों है। भारत के केंद्र और राज्यों में अक्सर सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन ऐसा बुलेट से नहीं, बैलेट से होता है। इसके बावजूद दुनिया के 167 राष्ट्रों की सूची में भारत का स्थान 46 वां क्यों है? वह पहला क्यों नहीं है? जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, वह सबसे अच्छा भी क्यों नहीं है? जिन दस देशों के नाम इस सूची में सबसे ऊपर हैं, वे भारत के औसतन प्रांतों से भी छोटे हैं- जैसे नार्वे, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, आयरलैंड, ताइवान आदि! भारत गर्व कर सकता है कि चीन, जो कि जनसंख्या में उससे भी बड़ा है, वह घटिया लोकतंत्रों में 5 वें स्थान पर है। उसके पहले चार सीढ़ियों नीचे बैठे हैं- अफगानिस्तान, म्यांमार, उत्तर कोरिया और लाओस। अपने मित्र चीन से दो सीढ़ी ऊपर बैठा है, पाकिस्तान! इन राष्ट्रों में या तो तानाशाही का डंका पिट रहा है या फौज का! किसी देश में लोकतंत्र है या नहीं है और कम है या ज्यादा है, यह नापने का जो पैमाना है, उसके पांच मानदंड हैं। एक, चुनाव प्रक्रिया, दो सरकारी काम-काज, तीन राजनीतिक भागीदारी, चार राजनीतिक तथा सांस्कृतिक स्वतंत्रता और पांच, नागरिक अधिकार! इन सब आधारों पर जांचने पर पता चला है कि अमेरिका जैसा समृद्ध राष्ट्र 26 वें स्थान पर है, भारत 46 वें पर और पाकिस्तान 104 वें स्थान पर है। पाकिस्तान में भी भारत की तरह चुनाव तो होते हैं लेकिन वहां भी अफ्रीकी देशों की तरह फौज का स्थान सर्वोपरि है। फौज पाकिस्तान की स्थायी महारानी है। सारी दुनिया की कुल आबादी में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जनता ही स्वस्थ लोकतंत्रों में रहती है। दूसरे देशों का जो भी हाल हो, हम भारतीयों की इस खोजबीन में लगना चाहिए कि हमारे लोकतंत्र की बाधाएं क्या-क्या हैं? सबसे पहली बाधा तो यही है कि सभी पार्टियां प्रायवेट लिमिटेड कंपनियां बन गई हैं। उनमें आंतरिक स्वतंत्रता शून्य हो गई है। दूसरा, हमारे यहां मतदान के आधार प्रायः मजहब या जात बन गए हैं। तीसरा, जन-प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार जनता को नहीं है। चौथा, देश का शासन, प्रशासन, कानून और न्याय सब कुछ अब भी पुराने मालिक अंग्रेज की भाषा में ही चल रहा है।

पांचवां, हमारे नेताओं का ब्रह्म सत्य सत्ता और पत्ता है। लोक-कल्याण तो माया है। उसे नौकरशाहों के हवाले कर दिया गया है। छठा, देश की ज्यादातर जनता के लिए उचित परिमाण में शिक्षा, चिकित्सा और खुराक का इंतजाम अभी तक नहीं हुआ है। इन सवालों का जवाब कोई ढूंढे तो देश में सच्चा लोकतंत्र लाने में देर नहीं लगेगी।

डूबते जहाज से उड़ते कांग्रेसी

विष्णुगुप्त

महिला सुरक्षा और बैरोजगारी जैसे प्रश्न पर कांग्रेस को यूपी में सत्ता के दावेदारों में होना चाहिए था। प्रियंका गांधी का यह कहना कि मैं लड़की हूं, इसलिए लड़ सकती हूं ने बड़ा ही ध्यान खींचा था। पचास प्रतिशत टिकट महिलाओं को देने की घोषणा भी की थी। दांव तो बहुत अच्छा था। आधी आबादी में अगर घुसपैठ हो गयी तो फिर सत्ता मिलनी तय है। लेकिन समस्या संगठन और जनाधार पर खड़ी होती है। किसी नारे, अभियान और घोषणाओं को सफल बनाने की जिम्मेदारी संगठन का ही होता है। कांग्रेस का संगठन लचर और अस्तित्वहीन जैसा है। स्थिति यहां तक पहुंच गयी कि कांग्रेस के पास अच्छे और प्रभावकारी प्रत्याशितों तक की किल्लत हो गयी। कांग्रेस से चुनाव लड़ने के लिए बड़े से बड़े नेता कन्नी काट गये। चुनाव लड़ने की इच्छा तब होती है जब चुनाव जीतने की संभावना होती है। यूपी में चुनाव शुरू होने के पूर्व ही यह संदेश चल गया कि कांग्रेस तो वोटकटवा है।

डूबते जहाज पर कौन पंक्षी बैठना चाहेगी? कांग्रेस डूबते हुए जहाज के समान है। इसीलिए कांग्रेस से बाहर जाने की होड़ लगी है। जिस पर कांग्रेस दांव लगाती है वही पार्टी छोड़कर चला जाता है। जैसे ही सत्ताधारी दल से कोई ऑफर आता है वैसे ही मजबूत कांग्रेसी भी पार्टी की बुराई कर छोड़ देता हैं। उत्तर प्रदेश में जिन लड़कियों को पोस्टर गर्ल बनाया था उनमें से कई लड़कियां कांग्रेस छोड़ चूकी हैं। कांग्रेस के बड़े नेता आरसीपीएन सिंह पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। पिछले समय में कांग्रेस छोड़ने वाले कोई एक नहीं बल्कि दर्जनों नेता हैं। कुछ तो कांग्रेस छोड़कर केन्द्र में मंत्री और राज्यों में मुख्यमंत्री तक बन चुके हैं। इनमें ज्योतिरादित्य सिंधियां मोदी सरकार में मंत्री हैं तो हेमंता विस्व शर्मा असम के मुख्यमंत्री हैं। जिन राज्यों में कभी कांग्रेस की तूती बोलती थी उन राज्यों में कांग्रेस अब मुख्य विपक्षी पार्टी भी नहीं रही। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस चैथे-पाचवें नंबर की पार्टी बन गयी है। इसका उदाहरण उत्तर प्रदेश और बिहार है। उत्तर प्रदेश में 1989 और बिहार में 1990 के बाद कांग्रेस सरकार नहीं बना पायी। तमिलनाडु में अंतिम बार 1962 में कांग्रेस अपनी सरकार बनायी थी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस 1977 से ही सत्ता से बाहर है। कांग्रेस वहीं पर सत्ता का दावेदार बनती है जहां पर भाजपा का अन्य विकल्प नहीं है। कई राज्यों में तो कांग्रेस से क्षेत्रीय और जातीय पार्टियां भी समझौता नहीं करती हैं, उनकी समझ है कि कांग्रेस के कारण उन्हें नुकसान ही नुकसान होगा। बिहार में लालू प्रसाद यादव की पार्टी इसका खामियाजा भुगत चुकी है। पिछले बिहार विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को जनाधार से बहुत ज्यादा सीटें लालू प्रसाद यादव की पार्टी ने दे दी थी। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत बुरा हुआ। कांग्रेस के बूरे प्रदर्शन के कारण बिहार में नीतीश कुमार और भाजपा फिर से सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की थी।

उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस यह समझती है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में अगर उसकी शक्ति बढ़ती है और उसका प्रदर्शन अच्छा रहा तो फिर कांग्रेस पुराने दिनों की ओर लौट सकती है, कांग्रेस फिर से देश की राजनीति की धूरी बन सकती है। इसीलिए कांग्रेस ने जनता द्वारा खारिज कर दिये गये राहुल गांधी की जगह प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी। प्रियंका गांधी में इन्दिरा गांधी की छवि कांग्रेस देख रही है। प्रियंका गांधी भी बार-बार अपनी दादी इन्दिरा गांधी का उदाहरण देकर यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि उसमें दादी की तरह ही राजनीतिक प्रतिभा है। यह सही है कि प्रियंका गांधी का अंतिम ब्रम्हास्त्र है जिसको कांग्रेस चला चुकी है। सोनिया गांधी का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण अब उनका जनता के बीच बहुत ज्यादा सक्रिय होने की उम्मीद नहीं है जबकि राहुल गांधी फूके हुए कारतूस बन गये हैं। उटपटांग बयानों और अंगभीर सोच के कारण राहुल गांधी जनता के बीच लोकप्रिय नहीं बन पाये। राहुल गांधी का भाषण और बयानबाजी कांग्रेस को ही आहत व नुकसान करता है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावों में प्रियंका गांधी ने मुद्दे तो अच्छे उठाये हैं, कई मुद्दों पर प्रियंका की सक्रियता भी अच्छी और उल्लेखनीय रही है। योगी-भाजपा के पांच साल के शासनकाल के दौरान अखिलेश यादव और मायावती की राजनीतिक सक्रियता बहुत ही सीमित और बयानबाजी की ही रही थी। पर राहुल और प्रियंका ने विपक्ष की भूमिका निभायी। खासकर बलात्कार की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ राहुल-प्रियंका की सक्रियता बहुत ही ज्यादा थी और योगी-भाजपा की परेशानी बढ़ाने वाली थी। पर सोच में एकरूपता नहीं होने के कारण प्रियंका और राहुल बलात्कार के खिलाफ कोई जनांदोलन नहीं तैयार कर सके। राहुल-प्रियंका की सोच में एकरूपता क्यों और कैसे नहीं है? इस पर भी गंभीरता के साथ पड़ताल करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में बलात्कार की बढती घटनाओं पर इनकी सक्रियता तो उल्लेखनीय होती है और महिला सुरक्षा इनकी जरूर झलकती है। पर कांग्रेस शासित राज्यों में जब उत्तर प्रदेश से भी बर्बर और अमानवीय घटनाएं घटती हैं, बलात्कार की घटनाएं शर्मसार करती है तो फिर राहुल-प्रियंका की बोली खामोश रहती है। कांग्रेस शासित राज्यों जैसे राजस्थान और पंजाब में बलात्कार की घटनाओं पर भी अगर राहुल और प्रियंका आक्रोश जताते तो फिर विश्वसनीयता बन सकती थी। राजस्थान के प्रतियोगी परीक्षार्थियों के विद्यार्थियों द्वारा लखनउ में कांग्रेस कार्यालय पर धरणा देने जैसे प्रसंग पर खामोशी आत्मघाती जैसी ही है। युवाओं में संदेश यह गया कि सिफयूपी में ही स्वार्थ की राजनीति के कारण महिला और युवाओं के प्रश्न कांग्रेस उछालती है।

कांग्रेस की इस स्थिति के लिए किसे जिम्मेदार माना जायेगा? सबसे पहले कांग्रेस की इस स्थिति के लिए वंशवादी राजनीति ही जिम्मेदार है। अब सोनिया गांधी खानदान में कोई करिशमा करने की शक्ति नहीं रही। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को नयी पीढ़ी स्वीकार करने के लिए तैयार ही नहीं है। इसके अलावा कांग्रेस की मुस्लिम परस्त राजनीति भी जिम्मेदार है। चुनाव के समय में कांग्रेस द्वारा बुर्का का समर्थन करना घाटे का राजनीतिक सौदा है। पंजाब में कांग्रेस का मुस्लिम नेता का यह कहना कि हिन्दुओं को सभा तक नहीं करने दिया जायेगा, हिन्दुओं के अस्तित्व को सीधे चुनौती तक दे देना और इस पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का खामोश रहना, सीएए कानून के विरोध में खड़े मुस्लिम नेताओं को प्रत्याशी बनाना, हिन्दुत्ववादी को हिंसक और बर्बर बताने आदि वाली चालें कांग्रेस की कब्र खोद रही है। इसका सीधा लाभ भाजपा उठाती है। हिन्दू वोटर कांग्रेस से घृणा करने लगता है। कांग्रेस हिन्दुओं को लगातार दंगाई और हेवान तथा खतरनाक बताती रहेगी और हिन्दू कांग्रेस का वोट करते रहेंगे? यह अब संभव नहीं है। यूपी विधान सभा चुनाव का परिणाम एक बार फिर इस बात का प्रमाण दे देगा।

कांग्रेस की मजबूती कैसे संभव है? कांग्रेस की मजबूती एंथोनी समिति की रिपोर्ट में निहीत है। पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेसी भी एंथोनी कमिटी की रिपोर्ट पढ़ना ही नहीं चाहते हैं।

क्यों और कैसे होता है किसी से प्यार?

योगेश कुमार गोयल

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क में स्थित एक विशेष अंग 'हाईपोथेलेमस' में जब 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' नामक दो न्यूरोट्रांसमीटरों की अधिक मात्रा हो जाती है तो यह शरीर में उत्तेजना व उमंग पैदा करने लगती है। ये न्यूरोट्रांसमीटर मस्तिष्क में उस समय सक्रिय होते हैं, जब दो विपरीत लिंगी मिलते हैं। कभी-कभी समलिंगियों के मामले में भी ऐसा ही देखा जाता है। जब भी इन्हें एक-दूसरे की कोई बात आकर्षित करती है तो उनके मस्तिष्क का यह हिस्सा अचानक सक्रिय हो उठता है। जब मस्तिष्क के इस हिस्से की सक्रियता के कारण 'डोपेमाइन' नामक इस रसायन का स्तर बढ़ता है तो यह मस्तिष्क में आनंद, गर्व, ऊर्जा तथा प्रेरणा के भाव उत्पन्न करता है।

प्यार को सदैव दिल से जोड़कर देखा जाता रहा है, दिमाग से नहीं। प्यार के संबंध में अक्सर यह भी कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है और यह ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, जात-पात इत्यादि सामाजिक बंधनों की परवाह नहीं करता। हालांकि मनोवैज्ञानिकों का यही मानना है कि अचानक किसी से प्यार हो जाना या उसे दिलोजान से चाहने लगना, यह सब कुछ अपने आप नहीं होता और न ही इसमें हमारे दिल की कोई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है बल्कि हमारे मस्तिष्क में होने वाली कुछ रासायनिक क्रियाएं तथा जीन संबंधी संरचनाएं एवं विशेषताएं ही प्यार हो जाने का प्रमुख आधार होती हैं और इन्हीं की बदौलत प्यार और उसकी गहराई तय होती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जवानी के साथ-साथ बुढ़ापे की अवस्था में भी यदि किसी के दिल की धड़कनें किसी विपरीत लिंगी को देखकर बढ़ने लगती हैं और वह उससे प्यार का दावा करने लगता है तो यह सब उसके शरीर के भीतर की जैव वैज्ञानिक क्रियाओं का ही परिणाम होता है, जिसका एक वैज्ञानिक आधार होता है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि वास्तव में प्यार का एक मनोविज्ञान होता है, जिसे समझ पाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता।

यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफलंदन के वेलकम न्यूरोइमेजिंग विभाग के डा. एंड्रियाज बारटेल्स तथा प्रो. समीर जकी का कहना है कि प्यार 'खींचो और धकेलो' की पद्धति पर काम करता है। वह कहते हैं कि जब किसी से प्रेम होता है तो व्यक्ति उसकी तरफखिंचा चला जाता है और उसके बारे में नकारात्मक बातों व उसकी बुराईयों को नजरअंदाज करता जाता है। डा. बारटेल्स व प्रो. जकी के अनुसार यह उसकी बुराईयों के प्रति आंख मूंदने या अंधा होने जैसा ही है और यही कारण है कि प्यार के बारे में अक्सर कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। कुछ मनोवैज्ञानिकों ने अपनी लंबी खोज के बाद यह दावा भी किया है कि प्यार की अलग-अलग तरह की कुल छह किस्में होती हैं। इनमें से पहली तरह के प्यार को वैज्ञानिकों ने 'रोस' नाम दिया, जिसमें केवल शारीरिक भूख मिटाई जाती है। ऐसे प्यार में शादी-विवाह जैसे बंधनों का कोई अस्तित्व नहीं होता। प्यार की दूसरी किस्म को 'ल्यूड्स' नाम दिया गया, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुई दोस्ती प्यार में बदलने लगती है लेकिन इसमें गंभीरता का अभाव पाया जाता है। तीसरी तरह के प्यार 'अगापे' में प्रेमी-प्रेमिका के बीच एक अटूट प्रेम होता है और उनमें एक-दूसरे पर मर मिटने तथा एक-दूसरे के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर रहने की भावना जन्म ले चुकी होती है। प्यार की 'मेनियक' नामक अगली किस्म में प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे को इस कदर चाहने लगते हैं कि वे अपने प्यार को हासिल न कर पाने की स्थिति में जान लेने अथवा जान देने के लिए भी तत्पर हो जाते हैं। यह एक तरह से प्यार का उन्मादी रूप ही होता है। प्यार की एक अन्य किस्म 'प्रेग्मा' में प्रेमी-प्रेमिका भावनाओं में समन्दर में न बहकर पहले एक-दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल करते हैं और उसके बाद ही प्यार करने जैसा कदम उठाते हैं। इस प्रकार जांच-परख कर और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानने-समझने के बाद किया गया प्यार ही पूरी तरह से सफल 'प्यार' की श्रेणी में आता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क में स्थित एक विशेष अंग 'हाईपोथेलेमस' में जब 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' नामक दो न्यूरोट्रांसमीटरों की अधिक मात्रा हो जाती है तो यह शरीर में उत्तेजना व उमंग पैदा करने लगती है। ये न्यूरोट्रांसमीटर मस्तिष्क में उस समय सक्रिय होते हैं, जब दो विपरीत लिंगी मिलते हैं। कभी-कभी समलिंगियों के मामले में भी ऐसा ही देखा जाता है। जब भी इन्हें एक-दूसरे की कोई बात आकर्षित करती है तो उनके मस्तिष्क का यह हिस्सा अचानक सक्रिय हो उठता है। जब मस्तिष्क के इस हिस्से की सक्रियता के कारण 'डोपेमाइन' नामक इस रसायन का स्तर बढ़ता है तो यह मस्तिष्क में आनंद, गर्व, ऊर्जा तथा प्रेरणा के भाव उत्पन्न करता है। डोपेमाइन के कारण ही एक अन्य रसायन 'ऑक्सीटोक्सिन' का स्राव भी बढ़ता है, जो दूसरे साथी को बाहों में भरने और दुलारने की प्रेरणा देता है जबकि 'नोरपाइनफेरिन' के कारण 'एड्रिनेलिन' रसायन का स्राव बढ़ता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुम क्या जानों कि

तुम क्या जानों कि उस पुरुष पर यकीन कर हँसने में कितना है सकून जो तुम्हारा सखा है। तुम क्या जानो कि उस पुरुष से रूठ जाने में कितना है सकून जो तुम्हारा प्रेमी है। तुम क्या जानो कि उस पुरुष के कांधे पर सर रखना देता है कितना सकून जो तुम्हारा पति है। तुम इन भावों का आनंद नहीं ले सकती क्योंकि तुम्हारी नजर में पुरुष हमेशा गलत है और तुम बेचारी।

– दिव्या राकेश शर्मा

न ही कभी रुके है

न ही कभी रुके है न ही कभी रुकेंगे , न ही कभी झुके है न ही कभी बेवजह झुकेंगे है अपनी नीडर चाल इसलिए न ही डरेंगे और न ही सहेंगे पथ है कठिन आये जितनी भी मुश्किल चलेंगे अनवरत डटकर उनसे हम लड़ेंगे इस जिंदगी के पथ पर हंसकर चले है हँसकर जियेंगे।

– अमरजीत सिंह छाबड़ा

खास पाती | आओ, स्वागत करें तुम्हारा मेरे

आओ, स्वागत करें तुम्हारा मेरे आँगन में ऋतुराज । जान रही तुम ढूँढ रहे हो, इक आँगन उपवन-सा आज तितली जैसी मेरी बेटी , सुघड़ सुकंठी भरी सुरताल खिले कँवल से मेरे सहचर , चंदन तन मेरा एक लाल पुत्र 'पुष्पेश' सुता 'हर्षिता' मैं 'मित्री' 'पंकज' सरताज आओ, स्वागत करें तुम्हारा मेरे आँगन में ऋतुराज विष मिश्रित है आज पवन में, पात - पात पर बैठी धूलें जग ने जब चाहा तब लूटा, चमन बताओ कैसे झूमें कैसे स्वागत करे तुम्हारा, पाये कहाँ गंध-कीलाल आओ,स्वागत करें तुम्हारा, मेरे आँगन में ऋतुराज घर गुलशन बस उस दंपति का श्रम विरुद्ध नहीं जहां प्रलाप हमने भी निज स्वेद- रक्त से, सींच किया है चमन आबाद जैसी धरती ,वैसी नारी, मेरा आँगन भी इक बाग। आओ, स्वागत करें तुम्हारा, मेरे आँगन में ऋतुराज। – **पंकज कुमार बसंत**

ओ नयनतारा! क्या नाम है

ओ नयनतारा! क्या नाम है तुम्हारा कोई कहता गुलफिरंगी कोई कहता विंका बताओ ना धूप या बरसात या हो मौसम की मार हमेशा मुस्कुराते खिलखिलाते नहीं लेते कोई भार हो औषधियों का भंडार ज्ञान भी तुम संदेश भी तुम मौन भी तुम संत भी तुम तभी तो हो सदाबहार।

– प्रेरणा गुप्ता

ख्वाबों में मिलते रहें ताउम्र

ख्वाबों में मिलते रहें ताउम्र कभी सच में मिल जाओ तो करम हो रूहें तो लिपटी रहीं ताउम्र कभी सीने से लगाओ तो करम हो माना कि जिस्मों को नही वास्ता कोई नजरो की भूख मिटा दो तो करम हो रुखसती का वक्त मुकर्रर हो शायद बस एक बार गले लगा लो तो करम हो।

– प्रीती श्रीवास्तव

कुछ इस तरह मेरे ख़त का ज़वाब

कुछ इस तरह मेरे ख़त का ज़वाब आया ख़त में लिपटा हुआ गुलाब आया ना वादे थे, ना शिकायत थी, ना कोई आरज़ू, एक कोरे कागज़ पर इक़रार आया , उनके ख़यालों में डूबे रहे इस क़दर हम, चाँद में भी उनका दीदार पाया, नज़राना कोई प्यार का भेजा नहीं हमने, बाज़ार में उससे बेहतर न फिर गुलाब आया, थी तमन्ना इब्तिदा से, शोर रूह का कोई समझे, मेरे मुस्कुराने पर आज उनका सवाल आया। – **शिल्पी अग्रवाल**

नफ़रत की तीरगी को मिटाने

नफ़रत की तीरगी को मिटाने का वक़्त है। उल्फ़त की रौशनी में नहाने का वक़्त है। हर एक दुश्मनी को भुलाने का वक़्त है। उजड़े हुए चमन को बसाने का वक़्त है। घर से निकल के सड़कों पे आने का वक़्त है। ज़िन्दा हैं अब भी हम ये बताने का वक़्त है। ख़ामोशियों को शोर बनाने का वक़्त है। जो सो रहे हैं उनको जगाने का वक़्त है। वहशत की आग ज़िस्म जलाने लगी है पर। किरदार अब भी अपना बचाने का वक़्त है। भूखा गरीब रोता हुआ देख कर लगा। चिड़ियों के साथ बाज लड़ाने का वक़्त है। बाघों को जिस तरह से बचाने में हैं लगे। वैसे ही अब ये देश बचाने का वक़्त है। इस बेहतरीन वक़्त में किस डर से हो छुपे। यारों यही तो जान लुटाने का वक़्त है।

– राजीव कुमार

मैं बुत हूँ-मैं बुत हूँ निच्छल

मैं बुत हूँ-मैं बुत हूँ निच्छल मन-उच्च विचार जीता जागता सबूत हूँ मुझे कर लो स्वीकार मुझसे कर लो प्यार न छले जाओगे न खले जाओगे हरदम मैं तैयार आओ,हैलो हाय हो जाये एक मीठी चाय हो जाये भूलकर चिंता फिक्र को होठों पे इक मुस्कान हो जाये।

– शत्रुंजय तिवारी

QUIZ TIME

1) मार्च 2021 में किस राज्य सरकार ने महेंद्रगिरी को राज्य के दूसरे बायोस्फीयर रिजर्व के रूप में प्रस्तावित किया?

2) किस देश की सरकार ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दूर करने के लिए एक मंत्रालय का गठन किया है?

3) मार्च 2021 में लाल चावल की पहली खेप को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए रवाना किया गया। इस चावल का संबंध किस राज्य से है?

4) मार्च 2021 में आंध्रप्रदेश के किस जिले में 'क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस' नामक नए पौधे की प्रजाति की खोज की गयी?

5) 27 मार्च, 2021 को 66 वें फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2021 की घोषणा की गई। सर्वेश्रेष्ठ पार्श्वगायक का पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ओडिशा (2) चीन (3) असम (4) चित्तूर (5) राहुल वैद्य

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1537- गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह की पुर्तगालियों ने हत्या की। 1556- पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानौर में अकबर का 13 वर्ष की उम्र में राज्याभिषेक हुआ। 1658- दारा शिकोह ने बहादुरपुर की युद्ध में शाह शुजा को हराया। 1670- रोमन कैथोलिक सम्राट लियोपोल्ड प्रथम ने यहूदियों को वियना से बाहर किया। 1743- हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने। 1881- कलकत्ता (अब कोलकाता) में भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना। 1899- अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी। 1920- शिकागो में महिला मतदाता लीग की स्थापना की गयी। 1931- महान क्रान्तिकारी भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को लाहौर (अब पाकिस्तान में) के एक जेल में फांसी दी गयी। 1945- पेरू, पराग्वे, चिली और इक्वाडोर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने। 1952- भारतीय जनता पार्टी की नेता सुषमा स्वराज का जन्म। 1989- ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम पर आधारित पहला उपग्रह अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा के पास स्थापित किया गया। 2005- वीडियो- शेयरिंग वेबसाइट यू ट्यूब की शुरुआत हुयी। 2006- न्यायाधीशों के विरोध में सद्दाम हुसैन भूख हड़ताल शुरु की। 2007- मध्य प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे श्यामाचरण शुक्ल का निधन। 2008- नैया मसूद को उनके कहानी संग्रह तऊस चमन की मैना के लिए वर्ष 2007 का 'सरस्वती सम्मान' प्रदान किया गया। 2008- सिद्धार्थ सिन्हा की लघु भोजपुरी फिल्म उधेड़बुन को पुरस्कृत किया गया।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना को संस्कारधानी में मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

■ जनवरी माह में 11873 हितग्राहियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण जो कि औसत में प्रदेश में रहा प्रथम स्थान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं मोहल्लो में निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की गयी। योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डो में जाकर निःशुल्क बिमारियों की जॉच कर दवा का वितरण किया जाता है। शासन से नगर निगम के लिये प्राप्त 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से प्रतिदिन श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों एवं वार्डो में जाकर निः शुल्क जॉच कर रही है, जिसका संस्कारधानी राजनांदगांव में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और लोगों को इससे स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। गत माह जनवरी में 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से नगर के 11873 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसका औसत प्रति एमएमयू 124 रहा, जो कि हमारे पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। एमएमयू मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन वार्डो मे जाकर कोरोना का टीकाकरण भी कर रही है और निःशक्तजनों को घर जाकर वैक्सीनेशन की सुविधा प्रदान कर रही है। अब तक 16 हजार 6 सौ 12 लोगों को मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि चारों मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन निगम सीमाक्षेत्र में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से वार्डो एवं श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों मे दिन तथा तिथि के अनुसार जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है जिसमें लोग स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ निःशुल्क लैब टेस्ट एवं निःशुल्क दवा का लाभ ले रहे है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में निगम सीमाक्षेत्र के 11873 लोगों का

स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जो प्रति वेन युनिट 124 का औसत रहा, जोकि प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इसके अलावा मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन शासकीय व निजी स्कूल, कालेज के अलावा निगम सीमाक्षेत्र के छात्रावास, बाल सम्प्रेषण गृह तथा वृद्धा आश्रम मे जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण कर रहे है। साथ ही शासकीय आयजनों में भी योगदान देकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ कोरोना टीकाकरण कार्य भी कर रही है हर वार्ड में पहुचने से लोग उत्साह से कोरोना टीका लगवा रहे है। इसके अलावा निःशक्तजनों के घर जाकर टीका लगाने की सुविधा भी उपलब्ध करा रहे है, जिससे निःशक्तजन जो चल-फिर नहीं सकने के कारण वैक्सीनेशन के लिये जा नहीं सकते वे घर बैठे इसका लाभ ले रहे है। उन्होने बताया कि वर्तमान में एमएमयू शहर के स्कूल में जाकर 15 से 18 वर्ष तक तथा बुस्टर डोज वेक्सीन लगाने के कार्य में भी सहायता कर रही है। इस माह एमएमयू के माध्यम से 3 फरवरी से 8 फरवरी तक शहर के स्कूलों में जाकर 15 से 18 वर्ष तक के विद्यार्थियों को भी वेक्सीन लगाया गया जिसके तहत लगभग 33 सौ बच्चों का टीकाकरण संपन्न कराया गया और अब तक 16 हजार 6 सौ 12 लोगों को मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि वर्तमान में मौसमी एवं संक्रामक बीमारी को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से 4 मोबाईल मेडिकल यूनिट वेन के माध्यम से स्वस्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जिसमें लोग उत्साह से जाकर स्वास्थ्य जॉच करा रहे है और लोगों को लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मोबाईल यूनिट वेन के माध्यम से वार्डो मे जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने पर जिला चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण का दबाव कम हो रहा है, क्योकि लोगों को अपने घर के पास ही स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने मौसमी एवं संक्रामक बीमारी को ध्यान में रखते हुये स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से कोरोना संक्रमण से बचने टीकाकरण कराने की अपील की है और कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने की भी अपील की है।

आयुक्त ने ली निगम टीएल की वर्चुअल बैठक, विभागवार समीक्षा की

■ आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने किये निर्देशित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अपने कक्ष से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों की टाईम लिमिट (समय-सीमा) की बैठक लेकर विभागवार समीक्षा कर कलेक्टर टीएल जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन के अलावा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुये राजस्व वसूली में तेजी लाने जोर दिये। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने सस्ती दवा योजना के संबंध में जानकारी लेते हुये धनवंतरी मेडिकल स्टोर में दवा बिक्री बढ़ाने के साथ साथ दवाई खरीदी एवं दवाई की उपलब्धता पर नियमित निगरानी कर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समय पर दुकान खुलने तथा बंद होने की भी जानकारी लेवे। इसके अलावा जिले के अन्य धनवंतरी मेडिकल स्टोर के संबंध में भी संबंधित अधिकारी से जानकारी लेना सुनिश्चित करने कहा। गो धन न्याय योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजना है जिसमें समस्त विभाग जुड़े हुये है, राजनांदगांव नगर निगम भी योजना के क्रियान्वयन में अच्छा कार्य करते हुये गोबर खरीदी एवं गोबर से खाद बनाने के अलावा लकड़ी, दीये, धूप बत्ती, मच्छर धूप बत्ती बनाने का कार्य कर रही है। उक्त कार्य में तेजी लाना है, उत्पादन के अनुसार बिक्री में तेजी लाना है। खाद के अलावा धूप बत्ती, मच्छर धूप बत्ती की भी बिक्री मेजान के माध्यम से करना है। उन्होंने विभागीय प्रमुखों से खाद विक्रय बढ़ाने के लिये राय शुमारी किये। विभागीय प्रमुखों ने कहा कि खाद विक्रय में बढ़े विक्रेताओं को जोड़ना है। इसके अलावा स्वच्छता दीदीयों को भी इसमें शामिल करना है। उन्होंने शहरी क्षेत्र के नर्सरी से संपर्क कर खाद विक्रय करने कहा। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चल रहे चारों मोबाईल मेडिकल यूनिट के बारे में जानकारी लेते हुये आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि प्रतिदिन वार्डो में नियमित संचालन करे। डॉक्टर समय पर उपस्थित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं वेक्सीनेशन के लिये जागरूक करे। वेक्सीन का दूसरा व तीसरा डोज के लिये लोगों को प्रेरित करे। आम जनता को किसी प्रकार की स्वास्थ्य परीक्षण में परेशानी न हो। इसका भी ध्यान रखा जाये।

समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने निर्माण कार्यो की समीक्षा में कहा कि वार्डो में चल रहे योजना या अन्य काम की प्रतिदिन मानिटरिंग करें एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण कराये। कार्यादेश उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं करने व समय-सीमा में कार्य नहीं करने वाले संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करे। निर्माण कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र समय-सीमा में भेजना सुनिश्चित करे। अवैध प्लाटिंग को चिन्हांकित कर नोटिस जारी कर एवं कार्यवाही करें। भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करे। देवे। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों को किस्त की राशि उपलब्ध कराये। हितग्राहियों को भुगतान के लिये शासन को राशि हेतु डिमांड भेजे। एएचपी के तहत बने आवासों में नियमानुसार व्यवस्थापन कर आबंटन

गर्मी के दिनों में नहीं होगी पेयजल की समस्या

जल विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व मरम्मत संबंधी सभी आवश्यक समानों की उपलब्धता सुनिश्चित करे, टांकियों की सफाई कराये। अमृत मिशन के कार्य के संबंध में कहा कि टंकी के शेष कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाये, इंटर कनेक्शन, पाईप लाईन विस्तार, के कार्य में तेजी लावे। पाईप लाईन विस्तार के लिये खोदे गये गड्ढे को तुरंत फिलींग करें। टैंकर मुक्त नगर के लिये कार्यवाही करे, ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने राजस्व की समीक्षा में कम राजस्व वसूली पर कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, जिसे ध्यान में रखते हुये वसूली में तेजी लावे। शिविर के अलावा घर-घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर अंतिम नोटिस देवे व नल विछेदन की कार्यवाही करे, कर नहीं पटाने पर बकायादारों का नाम प्रकाशित करावे। दुकानों का बकाया किराया वसूले, दुकानों के नीलामी की प्रक्रिया कर नीलामी कराये, ताकि राजस्व वसूली में वृद्धि हो सके, शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य तैयार कर कार्य करे। सफाई व्यवस्था के संबंध में कहा कि प्रतिदिन साफ सफाई करना सुनिश्चित करे। मुक्कडों को हटाया जाये, कचरा न रहे इसका विशेष ध्यान रखे। सर्वजनिक शौचालयों की नियमित रूप से सफाई करें। निर्धारित समय तक कार्य नहीं करने वाले व अनुपस्थित सफाई कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही करें। अगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुये सफाई व्यवस्था दुरूस्त करें।

सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण का टेंडर हरियाणा की कंपनी को, पूर्व सीएम से मिला एसोसिएशन

भटगांव/नवप्रदेश। छग के 14 हजार 932 स्कूलों में सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण के लिए 7 करोड़ 46 लाख 60 हजार रुपए का टेंडर गुपचुप तरीके से छत्तीसगढ़ सरकार पर हरियाणा की शास्त्रांग इंडियन मार्डन मार्शल आर्ट नामक संस्था को देने का आरोप लगाते हुए सेल्फ डिफेंस आर्गेनाजेशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने शिकायत पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से करते हुए इसका विरोध कर कार्रवाई कराने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष वरूण पाण्डेय के नेतृत्व मे प्रदेश भर से 100 प्रशिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान में मुलाकात करते हुए बताया है कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मी बाई सेल्फ डिफेंस जो कि छत्तीसगढ़ के 14932 स्कूलों में सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया जाना है। इसका टेंडर गुपचुप तरीके से हरियाणा की कंपनी को देने का आरोप लगाया गया है। वहीं राज्य एवं जिलों में पंजीकृत और वर्षो से इस कार्य में सेवा दे रहे प्रशिक्षकों को अवसर नहीं देने की बात कही है। केन्द्र सरकार की राशि पर राज्य सरकार द्वारा दुरूप्रयोग करने का भी आरोप लगाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री से जिलेवार राशि का आबंटन करा कर स्थानीय छत्तीसगढ़ियां बेरोजगार प्रशिक्षकों को रोजगार दिलाने की मांग की है।

मरकाम के बयान से भूपेश बघेल की नीयत का पर्दाफाश : लक्ष्मी साहू

भटगांव/नवप्रदेश। पार्षद लक्ष्मी साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा अम्बिकापुर में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मरकाम के बयान से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नीयत का पर्दाफाश हो गया है कि कांग्रेस सरकार शराबबंदी लागू करने का कोई इरादा नहीं रखती। अवैध शराब से बेहिसाब कमाई हो रही है जिसका नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। जब चुनाव के समय शराबबंदी लागू करने गंगाजल हाथ में लिया था तब क्या 60 फीसदी क्षेत्र अनुसूचित नहीं था जो अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के मुंह से यह कहलवाया जा रहा है कि राज्य में 60 प्रतिशत अनुसूचित क्षेत्र है। आदिवासी संस्कृति में महुए के फूल से लेकर सोमरस तक से तर्पण किया जाता है, ऐसे में 60 प्रतिशत क्षेत्र में शराबबंदी संभव नहीं, 40 प्रतिशत क्षेत्र में सरकार क्या निर्णय लेती है वह सरकार जाने। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का बयान यह जाहिर कर रहा है कि वे प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री की मंशा से वाकिफकरा रहे हैं कि शराबबंदी लागू नहीं हो सकती। संगठन का काम सरकार की नीतियों को जनता के बीच ले जाना होता है। सत्ताधारी दल के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल सरकार की नीतियां और नीयत ही उजागर कर रहे हैं।

कृषि अनुसंधान केन्द्र ढोलिया में मनाया गया विश्व दलहन दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में विश्व दलहन दिवस के अवसर पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे अमन साहू, द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और मनीष बंदे द्वितीय वर्ष दूसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. केपी वर्मा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाऐं दी। इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. टीडी साहू, डॉ. असित कुमार, डॉ. यूके ध्रुव, संजीव मलैया, डॉ. प्रीति पैंकरा, डॉ. प्रफुल्ल सोनी और डॉ. सरिता शर्मा ने अपना योगदान दिया।

भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

खरोरा/नवप्रदेश। भाजपा खरोरा मंडल में 'एकात्म मानववाद' एवं अंत्योदय' के प्रणेता, प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाले महान सामाजिक चिन्तक, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर खरोरा मण्डल के द्वारा नगर के ह्रदय स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में पंडित की मूर्ति पर माल्यापर्ण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, प्रहलाद रजक, केन्द्रीय रेल्वे बोर्ड सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह टिकरिहा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ला, गणेश शंकर मिश्रा एवं जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, श्याम नारंग, नरेन्द्र सिंह, अनिल सोनी, रोशन चन्द्राकर, मंडल महामंत्री दुलेश साहू, घनश्याम चन्द्राकर, रामरतन देवांगन, आत्माराम वर्मा, ठाकुर राम, बबलू शर्मा, छगन यादव, खेमनाथ नायक, रमेश बघेल, तोरण ठाकुर समेत सहित भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति केंद्र का सौतेला व्यवहार साफ झलक रहा : राजू शर्मा

खरोरा/नवप्रदेश। किसान नेता व जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने छत्तीसगढ़ के खाद का कोटा कम करने पर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का छत्तीसगढ़ के प्रति सौतेला रवैय्या साफ झलक रहा है। मोदी सरकार ने लगातार किसानों के साथ धोखा से छत्तीसगढ़ के किसान के लिए खरीफ फसल के बाद अब रबी फसल ले रहे किसानों के सामने खाद का संकट गहरा गया है। किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रबी फसल के लिये मोदी सरकार से 7.50 लाख टन खाद की मांग की थी, लेकिन भाजपा नीत मोदी सरकार ने अब तक सिर्फ 3.20 टन ही खाद उपलब्ध कराया है। मोदी नित भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किये गए मांग पर 45 प्रतिशत से अधिक की कटौती कर दिया है। राजू शर्मा ने कहा की केंद्र और राज्य की सरकार दोनों मिलकर इस समस्या को जल्द खत्म करने की मांग की है।

नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने ओर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पलारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लड़की को पीड़ित परिजनों के सुपुर्द किया है। पलारी थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि लड़की के परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी लड़की रात्रि में बिना बताए घर से कहीं चली गई है। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी कमलेश उर्फ रॉकी घृतलहरे 20 वर्ष निवासी ग्राम अमेरा ने अपने एक साथी के साथ बाइक में बैठाकर अपने साथी को उसके गांव छोड़कर पीड़िता को खल्लारी (महासमुन्द) अज्ञात स्थान पर ले जाकर आरोपी कमलेश घृतलहरे ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किया।

महापौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस उत्तर प्रदेश प्रयागराज रवाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश चुनाव को देखते हुए राजनांदगांव नगर निगम महापौर एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमा देशमुख को मिली राष्ट्रीय महिला कांग्रेस से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा के आदेशानुसार एवं छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद फूलो देवी नेताम निर्देशानुसार हेमा देशमुख को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस, उत्तरप्रदेश विधानसभा अलाहाबाद दक्षिण क्षेत्र क्रमांक 263 का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के नारे के अनुरूप लड़की हूं-लड़ सकती हूं के तहत उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत महिलाओं को विधानसभा में कांग्रेस से प्रत्याशी के रूप जगह मिली है, जिसको ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के द्वारा सभी महिलाओं को सम्मान देते हुए उत्तरप्रदेश चुनाव में बढ़-चढ़कर आगे आने का मौका दिया है और चुनाव अवलोकन एवं देखर-ेख के लिए पूरे देश से विभिन्न महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में राजनांदगांव से महापौर हेमा देशमुख को मौजूदा में छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष है और उनके साथ शहर महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष माया शर्मा इलाहाबाद दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी अल्पना निषाद के प्रचार-प्रसार एवं चुनाव देख-रेख के लिए उत्तर प्रदेश रवाना हो गए हैं। हेमा देशमुख ने बताया कि लड़की हूं- लड़ सकती हूं महिलाओं के सम्मान में लिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय है, जिसका पूरा भारत देश सराहना कर रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा महिलाओं को दिया गया यह एक सुनहरा अवसर है और निश्चित रूप से महिलाएं, लड़कियां इससे आगे आएंगी और महिला सम्मान के लिए महिला सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस को प्रचंड जीत दिलाने में अपनी सहभागिता देंगी। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस सुश्री नेट्टा डिसूजा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम को आभार व्यक्त करती हुए उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए हमारे नेता छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजनाओं को कांग्रेस के घोषणा पत्र में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। छत्तीसगढ़ मॉडल को उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित करने के लिए एवं छत्तीसगढ़ सरकार की निरंतर सफलता को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की जनता से भी हम मांग करेंगे कि कांग्रेस के पक्ष में वोट दें और सुशासन की सरकार बनाएं। साथ में शहर महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष माया शर्मा को भी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा इलाहाबाद दक्षिण विधानसभा में जिम्मेदारी मिली है, हम कांग्रेस कमेटी की योजनाओं को घोषणाओं को एवं विचारधाराओं को ईलाहाबाद दक्षिण के जन-जन तक पहुंचाएंगे और विधानसभा प्रत्याशी अल्पना निषाद को प्रचंड जीत दिलाने का प्रयास करेंगे।

भारी मात्रा में नशीली व मादक पदार्थ जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी खण्डसरा प्रभारी एवं स्टाफ 11 फरवरी को चेक पोस्ट उमरिया चौक बेतर में वाहन चेकिंग के दौरान वाहन फोर्ड एंडेवर सफेद रंग की क्रमांक सीजी 04 एलएल 3377 को रोककर चेक करने पर पाया गया आरोपी नलेन लुनिया द्वारा अपने वाहन में लड़के को हुक्का पानी की सुविधा उपलब्ध कराकर हुक्का पीलाते मिला, जिसके फ्लेवर में तम्बाकू का नशा युक्त पदार्थ पाया गया जो कि आरोपी का कृत्य धारा- 4/21 सिगरेट व तम्बाकू का उत्पाद प्रतिषेध व व्यापार वाणिज्य उत्पादन विनियम अधि. 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध हैं। जिस पर आरोपियो नलिन लुनिया पिता विमल लुनिया 33 वर्ष साकिन चौबे कालोनी म.नं. 16 थाना सरस्वती नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), हीरक बारमेडा पिता प्रकाष बारमेडा 29 वर्ष साकिन आजाद चौक ब्राम्हणपारा रायपुर, विक्रम राज कोरी पिता मनमोहन 28 वर्ष साकिन सुंदरनगर रायपुर के विरूद्ध उपरोक्त धारा सदर का इस्तगासा तैयार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। उक्त आरोपियों के कब्जे से हुक्का पोर्ट 5 नग जिसमें कांच की जार एवं काला, नीला, सफेद रंग की प्लास्टिक की पाईप लगा है, 1 पैकेट प्लास्टिक पाईप गुलाबी, पीला, सफेद काला रंग, हर्बल प्लेवर 20 नग जिसमें तम्बाकू जैसा गंध आ रही हैं, फ्लेवर बाक्स 1 नग जिसमें तम्बाकू जैसा गंध आ रही है, वजन 300 ग्राम, वाहन फोर्ड एंडेवर सफेद रंग की क्रमांक सीजी 04 एलएल 3377 कीमती करीब 10 लाख रूपये को जब्त किया गया है। साथ ही पृथक से आरोपी नलिन लुनिया पिता विमल कुमार लुनिया उम्र 33 वर्ष साकिन चौबे कालोनी म.नं. 16 थाना सरस्वती नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), हीरक बारमेडा पिता प्रकाष बारमेडा उम्र 29 वर्ष साकिन आजाद चौक ब्राम्हणपारा रायपुर, विक्रम राज कोरी पिता मनमोहन उम्र 28 वर्ष साकिन सुंदरनगर रायपुर, अहमद मिरान रजा पिता जकी अहमद रजा उम्र 28 साल साकिन एवरमीन चौक रायपुर, शुभम घुडे पिता दीपक घुडे उम्र 26 साल साकिन कैलाशपुरी रायपुर, आकाश चंद्राकर पिता जागेश्वर चंद्राकर उम्र 24 साल साकिन आदर्श नगर, अमर यादव पिता लाला यादव 30 साल साकिन बैरंग बाजार के पीछे रायपुर के विरूद्ध 151 के तहत एवं आरोपिया 28 वर्ष युवती मुंबई महाराष्ट्र के विरूद्ध 109 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

मुंगेली/नवप्रदेश। लोरमी राजस्व अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं टीआई तथा थाना प्रभारियों की बैठक लेकर लोरमी राजस्व अनुविभाग में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सूचना तंत्र को महत्व पूर्ण कारक बतलाते हुए उसे मजबूती प्रदान करने के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासन देना जिला प्रशासन का दायित्व है। इस हेतु राजस्व और पुलिस प्रशासन की उपस्थिति सभी क्षेत्रों में दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आम जनता को न्याय देने के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करना चाहिए ताकि आम जनता की नजर में उनका सकारात्मक छवि बने और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा हो। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों के कार्य से असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण निर्मित हो। ताकि आम जनता भयमुक्त होकर कार्य कर सकें।इस अवसर पर उन्होंने अवैध गतिविधियों पर सतत् नजर रखने और अवैध गतिविधियों पर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने कमजोर वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्यकरने की बात कही। इसी तारतम्य में उन्होंने जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने, उनकी बातों पर गौर करने और उनसे आपसी सामन्जस्य स्थापित कर कार्य करने के भी बात कही। बैठक में उन्होंने जमीन संबंधी मामलों व अन्य छोटी-छोटी वाद विवाद के मामलों को गंभीरता से लेने और उचित कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाने की भी बात कही। इस अवसर पर उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन और शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिले के पुलिस अधीक्षक श्री आंचला ने कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व और पुलिस विभाग की यह महत्वपूर्ण बैठक है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की भूमिका सभी क्षेत्रों में रहती है। पुलिस को घटना स्थल पर तत्काल पहुंचना होता है। वर्दी का सम्मान बरकरार है। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के आपसी समन्वय से कार्य करने पर बड़ी से बड़ी समस्या का सकारात्मक निराकरण हो जाता है। उन्होंने पुलिस को आचरण में मानवीय संवदेना को ध्यान में रखकर कार्य करने की बात कही। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत एवं जिले के पुलिस अधीक्षक डी.आर.आंचला द्वारा लोरमी में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल व लोरमी तहसील के राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।

दिलीप षडंगी और विजय शर्मा बने नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर

गीत संगीत के माध्यम से देंगे स्वच्छता का संदेश

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को ध्यान में रखते हुए शहर के 2 नामचिन्ह कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा समेत समाज सेवियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है जो स्वच्छता के लिये शहरवासियों को जागरूक करेंगे। छतीसगढ़ राज्य समेत पूरे देश मे स्वच्छ सर्वेक्षण चल रहा है और आम जनमानस में साफ सफाई,पर्यावरण जनजागरूकता हेतु आयोजन किये जा रहे है और राज्य के नगरीय निकायों में ब्रांड एम्बेसडर बनाये जा रहे है उसी तारतम्य में रायगढ़ नगर निगम द्वारा भी शहर के 2 नामचिन्ह कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया जो अपने कला के माध्यम से स्वच्छता जनजागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करेंगे। गायक कलाकार दिलीप षड़ंगी और विजय शर्मा ने रायगढ़ नगर निगम को आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम नगर निगम के साथ मिलकर स्वच्छता थीम का प्रचार प्रसार करेगे वैसे भी स्वच्छ और स्वस्थ शरीर मे ही ईश्वर का वास होता है गीत संगीत के माध्यम और सभी के सहयोग से इस अभियान को जरूर सफल बनाएंगे।

इस साल का बजट आपदाओं के बीच भी आत्मनिर्भर वाला बजट : सांसद

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी ने भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की उपस्थिति में रविवार को भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में

केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता के ली। मण्डावी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट आपदाओं के बीच भी आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का अवसर प्रदान करने वाला अमृत काल का केन्द्रीय बजट है। कोरोना के इस वैश्विक आपदा के बीच भी 39 लाख करोड़ से अधिक का बजट भीषण आपदा में भी 9.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर को प्राप्त करने वाला है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ को इस बजट से 8 हजार करोड़ अतिरिक्त राशि मिलेगी। अर्थव्यवस्था 2014 के कांग्रेस के शासन में 275 बिलियन डॉलर से बढ़ अब 630 बिलियन डॉलर हो गई है। 2014 तक भारत का निर्यात महज 2.50 लाख करोड़ था, पिछले सात वर्षों में यह बढ़कर 4.70 लाख करोड़ हो गया है। आज समूचे देश में कोई भूखा नहीं है, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने मुफ्त अनाज में भी 15 सौ करोड़ से अधिक का घोटाला किया। देश में अब तक 1.10 करोड़ घर बने हैं। केवल इस वर्ष गरीबो के लिए 80 लाख पक्के मकान बनेंगे , इसके लिए इस बजट में 48 हज़ार करोड़ रूपये आवंटित किये गए हैं। दुर्भाग्य यह है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के दुराग्रह का खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। शहरी जनता के लिए भी गृह ऋण में 2.70 लाख की सब्सिडी दिया जा रहा है। मनरेगा में 10 प्रतिशत मजदूरी वृद्धि की गयी है। इसमें देश के 13.62 करोड़ यानी 10 प्रतिशत लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। मोदी सरकार द्वारा देश में 9 करोड़ घरों तक साफ पानी पहुंचाया जा रहा है। कृषि को आधुनिकता से जोड़े जाएंगे। नए सत्र के लिए बजट में एमएसपी के लिए 2.37 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान 68 हजार करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि के लिए आवंटित किया गया है। औद्योगिक कोरिडोर की तर्ज पर 25 हज़ार किलोमीटर का कृषि कॉरिडोर नदियों को जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू, स्वास्थ्य, विश्व में सबसे अधिक 168 करोड़ कोरोना टीके लगे हैं। पहले 70 सालों तक हम लगातार टीकों का आयात करते रहे थे . बीसीजी आदि का टीका यहां दस वर्षों के बाद आता था ।अब हम टीकों का निर्यात भी कर रहे हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए 5 लाख करोड़ का आवंटन, डिजिटल विश्वविद्यालय जिसमें समूचे देश तक शिक्षा की व्यवस्था कोरोना के कारण बाधित हुए पढ़ाई को पूरा करने के लिए सौ टीवी चैनल समेत शिक्षा में भी अनेक प्रावधान इस बजट में किया गया है। गति शक्ति के माध्यम से सात विभागों का काम एक योजना के तहत लाने की शुरुआत हुई है जिससे सड़क, बिजली, पानी समेत सभी कार्य एक साथ किये जा सकेंगे। इस प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी निपेन्द्र पटेल, मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी, प्रकाश जोतवानी, आईटी सेल जिला संयोजक डॉ देवेंद्र साहू उपस्थित रहे।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में हुई जिसमें मुख्य रूप से युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व नव नियुक्त बिलासपुर संभाग प्रभारी रितेश गुप्ता ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवादी सोंच के अनुरूप आगे बढ़कर देश व समाज की सेवा करने की अपील की। सर्वप्रथम प्रदेश महामंत्री का जिला कार्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारत माता व पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर बैठक का उद्घाटन किया गया।जनपद पंचायत मुंगेली के पूर्व अध्यक्ष व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण खांडेकर द्वारा स्वागत भाषण के रूप में कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाते हुए जिले का वृत्त प्रस्तुत किया गया। जिला सह प्रभारी व प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका सुश्री निशा चैबे द्वारा संगठनात्मक जानकारी लेकर मार्गदर्शन किया। मुख्य अभ्यागत प्रदेश महामंत्री रितेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। प्रदेश से लेकर जिला व मण्डल स्तर तक युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सरकार के विरुद्ध अक्रामक रूप से सक्रिय है व भूपेश बघेल के वादा खिलाफी जैसे बेरोजगारी भत्ता, नौकरी, शराब बंदी, नई भर्ती व कोरोना काल में घोर लापरवाही एवं प्रदेश में बढ़ रहे जबरदस्त धर्मान्तरण जैसे संवेदनशील मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा है। अपने शायराना अंदाज में भूपेश बघेल पर तंज कसा, वन बूथ 20 यूथ जैसे आगामी गतिविधियों सहित बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को कार्यवितरण कर जिम्मेदारी देने की बात कही।साथ ही जिले के ढाई विधानसभा मुंगेली, लोरमी,बिल्हा में भारतीय जनता पार्टी की विजय पताका लहराने का संकल्प दिलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ने युवा मोर्चा द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की तथा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री माधव तिवारी व आभार प्रकट जिला प्रशिक्षण प्रभारी यशगुप्ता ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमितेष आर्य, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग सिंह, हैप्पी हूरा, राकेश साहू, प्रदेश सदस्य मिथलेश केशरवानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, भाजपा मण्डल महामंत्री द्वय मुकेश रोहरा रामशरण यादव, जिला आई टी सेल संयोजक सुनील पाठक,युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द राजपूत सहित सभी जिला उपाध्यक्ष जिला मंत्री, सहित सभी नौ मंडल के मण्डल अध्यक्ष सहित मण्डल महामंत्री, समस्त जिला पदाधिकारी, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कसौटी अभियान के तहत प्राथमिक माध्यमिक स्तर का आज से मूल्यांकन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों के न्यूनतम अधिगम योग्यता का आकलन करने के लिये जिले में कसौटी अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उदेश्य इस सत्र में (31 मार्च तक) शत प्रतिशत छात्र न्यूनतम अधिगम योग्यता प्राप्त कर सके। इस अभियान दो चक्रों में चलाया जा रहा है। प्रथम चक्र में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में यह कसौटी अभियान 14 व 15 फरवरी को आयोजित किया गया है। जिसमें शाला के प्राचार्य, प्रधान पाठकों द्वारा 10-10 मूल्यांकनकर्ता टीम का गठन किया गया। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम के उ.मा.शाला के प्रचार्य डॉ. आई.पी. यादव प्रधान पाठक दिपती चतुर्वेदी और प्रधान पाठक अमती पात्रे, राहुल वर्मा तथा वि.सी शिकन्दर ने एक बैठक आयोजित की और सभी मूल्याकन कर्ताओं से कसौटी महाअभियान को सफल बनाने की अपील की। प्रचार्य डॉ. यादव ने बताया की इस शैक्षणिक गतिविधियों की विडियो ग्राफी की जायेगी। जिसके शाला में प्रभारी भूवनेश गबेल और राघव वर्मा होगे। सुश्री अमिता पात्रे ने बताया कि चार्ट की सहायता से पहली और दूसरी के बच्चों को वर्णमाला और मात्राओं संबंधी प्रश्न तथा सरल शब्दों को बोलने और लिखने का मूल्यांकन लिया जायेगा। तीसरी और पाचवी की कक्षाओं में 20 तक पहाडा, ईमला लेखन तीन अंकों तक जोड-घटाना, पेड पौधें सं से जानवरों की जानकारी स्वपरिचय और घटना से संबंधी कविता कहानियों पर अभ्यास के प्रश्न पूछे जायेगे। इस महाअभियान का दूसरा चक्र जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में 12 मार्च से शुरू होगा जो बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धी को रेखाकित सूचित करनें में सहायक होगा। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला के सभी प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक हिन्दीं अंग्रेजी माध्यम की शाला के छात्रों के लिए कसौटी महाअभियान चलाया जा रहा है।

अम्बेडकर चौराहा, स्टेट बैंक के आसपास समाजसेवियो ने चलाया स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। जन सहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी व उनकी स्वच्छता अभियान टीम ने प्रति सप्ताह की भांति इस रविवार को स्टेट बैंक मेन ब्रांच के पास तथा समीपस्थ बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के चारों ओर साफ सफाई की गई और कुछ देर के लिए यातायात भी थम गया था। यह स्थान नेशनल हाईवे 30 पर स्थित है किंतु साफ-सफाई की दृष्टि से उपेक्षित है। अंततः आम जनता द्वारा ध्यानाकर्षण किए जाने पर जन सहयोग समाज सेवी संस्था ने यहां अपने सदस्यों द्वारा श्रमदान कराकर साफ सफाई करने का संकल्प किया था, जिसे आज पूर्ण किया गया। उल्लेखनीय है कि स्टेट बैंक मेन ब्रांच के सामने ही एक पक्का कुआं था जो मीठे पानी से भरपूर था किंतु आज से 20-25 वर्ष पूर्व स्टेट बैंक के कर्णधार लोगों ने इस कुएं को बिना किसी कारण और बिना शासन को सूचित किए चुपके चुपके बैंक से निकलने वाले कचरे को उसमें डाल डाल कर इस जीवित कुएं को पाट डाला। समाजसेवी संस्था जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि दुख की बात है इसी तरह से कांकेर के कई जीवित कुएं अनावश्यक रूप से पाट डाले गए। नगर पालिका कांकेर के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा के कार्यकाल (1952-1957) के मध्य कांकेर शहर के सात तत्कालीन वार्डों में कुआं खुदाई हेतु शासन ने रकम स्वीकृत की थी। तत्कालीन नगर पालिका ने सातों के बन जाने के बाद बचत राशि से तीन और कुएं तैयार करवा दिए । इन 10 कुओं में से कुछ अभी भी जीवित हैं और मीठा पानी पेयजल के रूप में दे रहे। स्वच्छता अभियान में अजय पप्पू मोटवानी के अलावा संजय मंशानी, राजेश दीपक, प्रमोद, डॉ श्याम देव, ठाकुर, धर्मेंद्र देव, जितेंद्र प्रताप देव, चरण यादव, राजेश चौहान, दिनेश मोटवानी, आकाश चौरसिया, विकास चौरसिया, प्रवीण गुप्ता, शैलेंद्र देहारी, चंद्रशेखर देव आदि के नाम उल्लेखनीय है।

आयुष स्वास्थ्य मेला में 805 मरीजों का किया गया उपचार

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय परिसर रायगढ़ में किया गया। जिसमें आयुर्वेद के 657, होम्योपैथी के 115, प्राकृतिक चिकित्सा के 33 कुल 805 जिसमें पैथोलॉजी जांच 180 पंचकर्म के 73 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दी गई। इस मौके पर महापौर जानकी काटजू, पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.अश्विनी शर्मा, डॉ. गौरीशंकर पटेल, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। श्री पटेल ने अपने संबोधन में वर्तमान जीवन शैली में आयुर्वेद की महत्ता बताई तथा चिकित्सक को मानवता की सेवा के लिए सबसे महत्वपूर्ण कहा। उन्होंने कोविड-19 में आयुष चिकित्सकों के योगदान की सराहना की। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने आयुर्वेदिक काढ़े को अत्यंत उपयोगी बताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल एवं उपस्थित अतिथियों ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभाग के विशेष प्रयास से उपलब्ध कराए गए पंचकर्म एवं पैथोलॉजी सुविधा को मिल रहे लाभ की जानकारी ली।

पंचकर्म आयुर्वेद कि वह विशिष्ट विद्या है जिसके द्वारा रोगों का संशोधन कर शरीर को रोग मुक्त किया जाता है। आयुष मेले में लगाए गए स्टाल औषधीय पौधों की प्रदर्शनी काढ़ा वितरण क्षारसूत्र स्नेहन विरेचन स्वेदन सहित पंचकर्म चिकित्सा बालरोग स्वास्थ्य वृत्त का अवलोकन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल सहित मेले में दूरदराज से आए सैकड़ों हितग्राहियों ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़े का सेवन किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

यूपी विधानसभा चुनाव...

बता दें कि उत्तर प्रदेश चुनाव के पहले दो चरणों के लिए राहुल गांधी स्टार प्रचारकों की सूची में थे। कांग्रेस के एक सूत्र ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी आने वाले दिनों में राज्य में एक साथ चुनाव प्रचार करेंगे। 16 फरवरी को कानपुर में एक रैली की योजना बनाई जा रही है और पार्टी के दोनों नेताओं के इसे संबोधित करने की उम्मीद है। प्रियंका गांधी ने गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव प्रचार के अलावा उत्तर प्रदेश में 18 से अधिक रोड शो, डोर-टू-डोर अभियान और रैलियां की हैं। राहुल गांधी ने गोवा, पंजाब और उत्तराखंड में 12 से अधिक प्रचार कार्यक्रमों को संबोधित किया है। पार्टी उत्तर प्रदेश में कड़ी लड़ाई लड़ रही है और पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि उनके अभियान में शामिल होने से पार्टी के प्रयास में और तेजी आएगी। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया था और राहुल गांधी ने राज्य में बड़े पैमाने पर प्रचार किया था।

एफआईआर में नाम...

ऐसे में उसे अन्य आरोपियों की तरफ से कार्यवाही रद्द करने की मांग करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। अपने हाल के आदेश में पीठ ने कहा कि कोर्ट हुकुम चंद गर्ग और अन्य लोगों द्वारा मांगी गई राहत की समीक्षा करने का कोई इरादा नहीं रखती है। साथ ही कहा कि जब सीबीआई उनका नाम अपराध में शामिल करे तो वे उचित मंच पर राहत की अपील कर सकते हैं। हालांकि पीठ ने कहा कि सीबीआई के जांच अधिकारी को उनके खिलाफकोई कार्यवाही करने से पहले याचिकाकर्ताओं को 48 घंटे पहले नोटिस देना होगा ताकि वे उचित कदम उठा सकें। मामला उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड प्रोविडेंट फंड इंवेस्टमेंट घोटाले से जुड़ा हुआ है। इस मामले में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी और प्रदेश पुलिस इसकी जांच कर रही थी। सीबीआई ने 5 मार्च 2020 को इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। इस मामले में यूपी पावर सेक्टर कर्मचारी ट्रस्ट के तत्कालीन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता और यूपीपीसीएल के तत्कालीन वित्त निदेशक सुधांशु द्विवेदी को आरोपी बनाया गया था।

शिपयार्ड घोटाला...

इनके खिलाफ अपराध दर्ज

गौरतलब है कि इस मामले में एजेंसी ने कमलेश अग्रवाल के अलावा एबीजी शिपयार्ड के तत्कालीन कार्यकारी निदेशक संथानम मुथास्वामी, निदेशकों- अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमल नेवेतिया और एक अन्य कंपनी एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कथित रूप से आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आधिकारिक दुरुपयोग जैसे अपराधों के लिए मुकदमा दर्ज किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा किया गया है।

घोटाले के पैसे से विदेशों में खरीदी गई प्रॉपर्टी

सीबीआई की एफआईआर के अनुसार घोटाला करने वाली दो प्रमुख कंपनियों के नाम एबीजी शिपयार्ड और एबीजी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड हैं। दोनों कंपनियां एक ही समूह की हैं। कंपनियों पर आरोप है कि घोटाले किए गए पैसे को विदेश में भेजकर अरबों रुपये की प्रॉपर्टी खरीदी गईं। 18 जनवरी 2019 को अर्नस्ट एंड यंग एलपी द्वारा दाखिल अप्रैल 2012 से जुलाई 2017 तक की फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट की जांच में सामने आया है कि कंपनी ने गैरकानूनी गतिविधियों के जरिये बैंक से कर्ज में हेरफेर किया और रकम ठिकाने लगा दी।

मुड़ापारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक सड़क निर्माण हुआ शुरू

रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार की उपस्थिति में आज लैलूंगा विकासखण्ड अंतर्गत मुड़पारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक बनने जा रही नई सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। 8.50 किमी लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 31 लाख रुपये की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। निर्माण कार्य के अंतर्गत कुल लंबाई में से 7.90 किमी भाग में डामरीकरण एवं 600 मीटर में सीमेंट कांक्रीट का कार्य कराया जाएगा। उक्त मार्ग में वर्षाजल निकासी हेतु 24 नग 01 एमएम के ह्यूम पाईप पुलिया, 3 नग स्लैब कल्वर्ट एवं 500 मीटर आरसीई ड्रेन (60×60) का प्रावधान रखा गया है। डामरीकरण के लिए मार्ग में 250 एमएम जीएसबी, 250 एमएम डब्ल्यूएमएम एवं 50 एमएम बीएम की परत बिछायी जाएगी तथा उसके ऊपर 20 एमएम की एमएसएस लेयर चढ़ाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

6 विकासखण्डों में पॉजिटिविटी की दर 4 प्रतिशत से कम

■ सार्वजनिक गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों में छूट

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने वर्तमान में कोविड- प्रकरणों में लगातार कमी और जिले के 06 विकासखण्डों में पॉजिटिविटी दर 4 प्रतिशत से कम होने के कारण सार्वजनिक गतिविधियों पर अधिरोपित प्रतिबंधों में छूट देने का आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार समस्त प्रकार के धरना, रैली एवं जुलूस आयोजित किया जाना प्रतिबंधित जारी रहेगा। धार्मिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम विवाह एवं दशगात्र इत्यादि माध्यम से कार्यक्रम स्थलों पर अधिकतम क्षमता के 50 प्रतिशत उपस्थिति की अनुमति होगी। कार्यक्रम स्थलों पर अधिकतम 50 प्रतिशत क्षमता की अनुमति होगी तथा 100 से 200 व्यक्तियों के सम्मिलित होने की स्थिति में एक दिन पूर्व निकटतम थाना, नगरीय निकाय को सूचना दिया जाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम में 200 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति होने की दशा में जिला कलेक्टर की लिखित पूर्वानुमति अनिवार्य होगी। जिले में रात्रिकालीन कर्फ्यू को शिथिल किया गया है। जिले के विकासखण्ड अकलतरा, जैजैपुर, मालखरौदा एवं नगर पालिका परिषद् अकलतरा, नगर पंचायत जैजैपुर, नगर पंचायत अडभार को छोड़कर शेष विकासखण्डों एवं नगरीय निकाय अंतर्गत समस्त स्कूल, छात्रावास, आश्रम शालाओं के संचालन,खोलने की अनुमति दी गई है। जिले के विकासखण्ड अकलतरा, जैजैपुर, मालखरौदा एवं नगर पालिका परिषद् अकलतरा, नगर पंचायत जैजैपुर, नगर पंचायत अडभार को छोड़कर शेष विकासखण्डों एवं नगरीय निकाय अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र, प्ले स्कूल, पुस्तकालय इत्यादि इस प्रकार के स्थानों का संचालनव खोलने की अनुमति दी गई है। होटल, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल, सिनेमा हॉल, थियेटर मैरिज पैलेस, जिम, ऑडिटोरियम, इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप का संचालन उनकी कुल क्षमता के 50 प्रतिशत क्षमता के साथ मास्क धारण करने, फिजिकल



डिस्टेसिंग का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर किया जा सकेगा। जिले के विकासखण्ड अकलतरा, जैजैपुर, मालखरौदा एवं नगर पालिका परिषद् अकलतरा, नगर पंचायत जैजैपुर, नगर पंचायत अडभार अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, व्यवसायिक परीक्षा मण्डल इत्यादि द्वारा आयोजित परीक्षाओं के परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित विद्यालय केवल परीक्षा संचालन के उद्देश्य से खोले जा सकेंगे। जिले में रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों के द्वारा कोविड के दोनों डोज के टीकाकरण का प्रमाण पत्र दिखाये जाने पर एवं 72 घंटे पूर्व का कोरोना टेस्ट आर.टी.पी.सी.आर निगेटिव रिपोर्ट दिखाने की अनिवार्यतः को समाप्त कर दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति कोरोना वायरस (कोविड-19) अथवा उसके नए वेरिएण्ट ओमिक्रान से संक्रमित है या किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में है, जो संक्रमित है, उनके लिए यह अनिवार्य होगा कि ऐसे व्यक्ति द्वारा तत्काल सहयोग कर सारी जानकारी घोषित करें एवं सभी वांछित सहयोग निगरानी दल को देगा और निगरानी दल के द्वारा दिये गये मौखिक एवं लिखित निर्देशों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा। निगरानी जांच दल को ऐसा कोई व्यक्ति जो निवारण या ईलाज के इन उपयोग या सहयोग देने से मना करता है अथवा संबंधित जानकारी देने से इंकार करता है या निगरानी दल के निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो वह भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 270 के दण्ड का भागी होगा। यदि कोई व्यक्ति का कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव होने तथा होम आईसोलेशन हेतु अनुमति प्रदान किये जाने पर अनुमति की शर्तों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। सभी सार्वजनिक स्थानों, भीड़, बाजारों, दुकानों, और कार्य स्थलों पर और परिवहन के दौरान फेसकवर पहनना अनिवार्य है। सोशल डिस्टेसिंग बनाना व्यक्तियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों में कम से कम 6 फीट की (दो गज की दूरी) रखी जाएगी। दुकानों के बाहर साबुन एवं स्वच्छ पानी अथवा सेनेटाईजर की व्यवस्था की जाये तथा प्रत्येक क्रेता हाथ धोने के उपरांत ही दुकान में प्रवेश कर सकेंगे। दुकान परिसर में संचालक एवं उनके कर्मचारी तथा ग्राहकों को फेसकवर (मास्क) पहनना अनिवार्य होगा। सार्वजनिक स्थानों और कार्य स्थलों पर और परिवहन के दौरान मास्क धारण न करने पर शासन द्वारा बनाए गए कानूनों, नियमों अथवा विनियमों के अनुसार यथा निर्धारित जुर्माने से दंडनीय होगा। निर्देशों के उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51-60 एवं महामारी नियंत्रण अधिनियम 1897 यथासंशोधित 2020 के तहत अन्य सुसंगत विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव सील होगा। वर्तमान परिस्थितियों में इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सम्यक रूप से तामिली संभव नहीं होने के कारण यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

स्टेट बैंक में सेंधमारी का चोरों ने किया प्रयास

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के डभरा स्टेट बैंक शाखा में सेंधमारी का चोरों ने प्रयास किया है। चोर बैक में घुसने में असफल रहे मगर उनके द्वारा बैंक की दीवार से लगा हुआ लगभग 08 फिट का गड्ढा किया गया है जिसके माध्यम से वे बैंक में घुसना चाह रहे थे। चोर अगर बैंक के अंदर प्रवेश कर जाते तो एक बड़ी चोरी की वरदात हो सकती थी। डभरा पुलिस इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379, 511 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है। थाना डभरा के नगर पंचायत डभरा में खरसिया रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के दीवाल के बगल से चोरों ने लगभग 8 फीट गड्ढा खोदा है मगर वे बैंक के अंदर प्रवेश नही कर पाए। सुबह आस पास के लोगों ने चोरों द्वारा किये गये गड्ढे को देखा तो बैंक के मैनेजर मुरलीधर पूर्ति को सूचना दी गई जिसके बाद बैंक मैनेजर थाने पहुंचे और पुलिस को इस संबंध में जानकारी दी गई। आज पुलिस मौके पर पहुँची और मौके का मुआयना किया इस दौरान पाया गया कि बैंक के दीवार से लगकर एक और दीवार है जिसकी वजह से वहां सकरी गली है चोरों ने इसी गली से लगकर लगभग 08 फिट का गड्ढा किया हुआ है।

जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, पकड़े गए 4 जुआरी, 88 हजार जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ व कोसीर पुलिस ने एक जुआ फड़ पर संयुक्त रूप से छापामारी करते हुए 4 जुआरियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों से 80 हजार रुपए नकदी व ताश पत्ती के साथ 3 मोटर साइकिल भी जब्त किया गया है। आरोपियों के

खिलाफ जुआ एक्ट के तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में सारंग? थाना प्रभारी विवेक पाटले ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र अन्तर्गत अवैध शराब, कबाड़ एवं जुआ सट्टा के संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने निर्देशित किया गया है। वहीं एसपी द्वारा प्रभारियों को अपने क्षेत्र तथा सीमावर्ती थाना क्षेत्र में भी जुए की फड़ पर संबंधित थानाक्षेत्र से सामंजस्य बिठाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में शनिवार की शाम मुखबिर ने सूचना दी कि कोसीर थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बटाउपाली के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर टीआई पाटले ने कोसीर टीआई के साथ तालमेल बिठाकार संयुक्त रूप से सुनियोजित तरीके से छापा मारा। इस दौरान बटाउपाली मुड़ा तालाब में 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे आरोपी फिरत रत्नाकर पिता संजीवन रत्नाकर 34 वर्ष निवासी बटाउपाली, नरेन्द्र चौहान पिता संतूराम चौहान 27 वर्ष निवासी कुटेला सारंगढ़, मनोज देवांगन पिता हरीशरण देवांगन 30 वर्ष निवासी सरबटीयापारा सारंगढ़ और संजय जायसवाल पिता चंद्रिका जायसवाल 31 वर्ष निवासी झरियापारा सारंगढ़ को पकड़ा गया। इनके कब्जे से 80 हजार नकदी, 52 पत्ती तास के दो गड्डी एवं एक बोरी तथा फड़ के पास खड़े आरोपियों के 03 मोटरसाइकिल जब्त किया गया।

24 घंटे में 63 स्थाई वारंट तामिल, एएसपी के नेतृत्व में चलाया अभियान

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं रेंज मुख्यालय के निर्देश पर जिले में स्थाई वारंट की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के नेतृत्व में स्थाई वारंट तामीली के लिए चलाए गए इस अभियान में सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारी व उनकी टीम ने 24 घंटे में 63 स्थाई वारंट तामिल किया जो अब तक एक ही दिन में बड़ी संख्या में स्थाई वारंट तामिल किया गया है। इस अभियान में सर्वाधिक 13 स्थाई वारंटी थाना सूरजपुर के द्वारा तामिल की गई इसके अलावा थाना रामानुजनगर ने 09, प्रेमनगर 2, चंदौरा 4, रमकोला 2, भटगांव 5, प्रतापपुर 1, झिलमिली 2, चांदनी 2, ओड़गी 1, विश्रामपुर 7, जयनगर 12 एवं चौकी बसदेई 1, रेवटी 1 तथा चौकी लटोरी ने 1 कुल 63 स्थाई वारंट तामिल किया है। पुलिस अधीक्षक ने स्थाई वारंटी तामिल के इस अभियान में शामिल सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। चोरी के मामले में पिछले 23 वर्ष से फरार वारंटी को भी पकड़ा गया, वहीं 5 वर्षो से एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य मामलों के स्थाई वारंटी तामिल किए गए है। जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में वारंटियों की तामिली हेतु थाना-चौकी प्रभारी व उनकी पुलिस टीम लगी हुई थी, लम्बे समय से फरार वारंटियों के लुक छिप कर रहने की जानकारी मिली। कई शातिर आरोपी जिले के अपराध में संलग्न होने से न्यायालय द्वारा वारंट जारी किये जाने पर पहचान छिपाकर सीमावर्ती जिलों में रहने लगे थे। वारंटियों का मुलाहिजा के साथ-साथ कोविड टेस्ट कराया गया जो सभी निगेटिव पाए गए जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

यातायात नियमों के उल्लघंन करने वाले 88 वाहनों पर कार्यवाही

बिलासपुर/नवप्रदेश। यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को 88 वाहनों पर व्यापक कार्यवाही की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारूल माथुर के निर्देश पर नगर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, यातायात रोहित बघेल एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू को निर्देशित किया गया था। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित किए जाने एवं आम जनता की सुविधा के लिए शहर के प्रमुख मार्गों के व्यापारी संगठनों की बैठक ली गई थी एवं माय एफएम आकाशवाणी के संयुक्त सहयोग से प्रतिदिन यातायात संबंधी जानकारी प्रसारित की जाती है शहर के नागरिकों के सहयोग व समस्या निवारण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा

ट्रैफिक की तीसरी आंख यातायात संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए एक व्हाट्सएप् नंबर 9479193015 जारी किया गया था, जिसमें आज भी 05 शिकायतों पर त्वरित निराकरण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के निर्देश के परिपालन में शहर के व्यस्ततम मार्गो पर निरंतर बाइक पेट्रोलिंग की जाती है एवं केन पेट्रोलिंग द्वारा कार एवं मोटर साइकिल नो पार्किंग में पाई जाने पर भी कार्यवाही की गई एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू द्वारा स्वयं पेट्रोलिंग के दौरान सिम्स हॉस्पिटल के सामने नो पार्किंग में खड़ी वेन एवं अन्य वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही भी की गई।

इसी क्रम में 11 फरवरी को उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू के दिशा-निर्देश पर 07 ट्रैक्टरों के प्रपत्र ना होने के कारण न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिस पर 28500 का अर्थदण्ड हुआ। यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य चैक चैराहे व मार्गो पर यातायात नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन, तीन सवारी वाहन चालकों, डार्क फिल्म कार वाहन चालको, कार में सीट बेल्ट ना लगाने वालो, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले ऑटो चालको, पर भी यातायात पुलिस की कार्यवाही की गई, आज के वाहन चेकिंग में कुल 88 वाहनों पर 31 हजार समन शुल्क काटा गया।

तेंदुए का शिकार 5 गिरफ्तार पंजा और नाखून बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोंठी सर्किल के बिटकुला बीट में तेंदुआ का शिकार करने वाले पांच शिकारियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। कार्रवाई से बचने के

लिए एक आरोपित ने एक नाखून व दो दांत को घर के कुएं में फेंक दिया था। पंप के जरिए कुएं से पानी निकालकर नाखून व दांत जब्त किया गया। इसके अलावा शिकार में इस्तेमाल किए गए धारदार टंगिया, 10 तीर, एक धनुष, पांच बंडल जीआइ तार, एक कुदाल भी बरामद किया गया है। घटना सात फरवरी कक्ष क्रमांक 12 की है। मृत तेंदुआ को देखने पर मामला शिकार का नजर आया। दूसरे ही दिन वनमंडलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर से सामंजस स्थापित कर पातासाजी के लिए पुलिस एवं वन विभाग की टीम गठित की। लगातार छानबीन के बाद 11 दिसंबर को दो व्यक्ति संतोष कुमार धनुहार (35) निवासी धनुहार पारा निरतु व नंदकुमार पटेल (50) निवासी बंगलाभाठा निरतू को संदेह के आधार पर गिरफ्त में ले लिया है।

महिला के घर में अचानक धधकी आग, पूरा मकान जलकर हुआ खाक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की रात एक महिला के मकान में आग लगने के कारण कपड़े, बेड, ऑलमारी सहित पूरा मकान जलकर खाक हो गया। आग से ऑलमारी में रखे 20 हजार रुपए भी जल गए। हालांकि, सूचना पर दमकल मौके पर पहुंच गई थी। लेकिन, तब तक आग की लपटें तेज हो चुकी थीं। दमकल से आग को काबू में कर लिया गया। घटना की है।

तिफरा के यादव नगर में कंचन मानिकपुरी नामक महिला रहती है। वह रोजी मजदूरी करती है। घर में पति रूपदास मानिकपुरी, बेटा प्रदीप मानिकपुरी सहित अन्य सदस्य रहते हैं। प्रदीप वाहन चालक है। घटना शनिवार की रात करीब 8 बजे की है। बताया जा रहा है कि अचानक उनके घर से धुआं के साथ आग की तेज लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई और पूरा मकान जलकर खाक हो गया। मोहल्लेवालों ने इस घटना की सूचना नगर सेना के दमकल को दी और फायरमेन शेख सरवर और चालक तिजाहरुद्दीन ने आग को काबू में किया। लेकिन, तब तक सबकुछ जल कर नष्ट हो गया था। कंचन ने बताया कि जिस समय घर में आग लगी, उस समय वह अपने पति के साथ पास ही स्थित भवन में खाना बना रही थी। मोहल्ले के युवकों ने आग लगने की खबर दी, तब वह दौड़ते हुए घर आई। लेकिन, तब तक मकान धू-धूकर जलने लगा था।

सिंगल वन टाइम प्रमोशन हेतु स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा मांग पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। विगत दिवस रायपुर में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंटकर सिंगल वन टाइम प्रमोशन दिए जाने सहित अन्य विषयो पर मांग पत्र स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेम साय टेकाम के निवास पर सौंपा।

स्कूल शिक्षा विभाग में 2013 छ. ग. लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा के द्वारा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी के 268 पदो भर्ती की गई थी। सीधी भर्ती द्वारा एकमात्र बैच में 221 अधिकारी राज्य के विभिन्न विकास खंडों में शैक्षणिक प्रशासन से संबंधित दायित्वों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर रहे हैं, किन्तु पदोन्नति हेतु निर्धारित अवधि पूरी हो जाने के बावजूद भी एबीईओ संवर्ग को किसी भी प्रकार की पदोन्नति, क्रमोन्नति नहीं दी गई है जबकि पड़ोस के अनेक राज्यों में एबीईओ संवर्ग को बेहतर सुविधाएं और वेतन दिया जाता है, वेतन विसंगति की दोहरी समस्या का भी राज्य के एक मात्र में एबीईओ कैडर को सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि प्रदेश के अनेक विकास खंडों में व्याख्याता एवं प्रधान पाठक गढ़ को भी प्रभारी बीईओ का दायित्व आज भी परंपरा अनुसार धड़ल्ले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के राजपत्र में स्पष्ट उल्लेखित प्रावधानों के बावजूद भी बीईओ एवं समकक्ष पदों पर असिस्टेंट बी ई ओ संवर्ग को निर्धारित अवसरों से वंचित हो रहे है। शैक्षणिक प्रशासन एवं शैक्षणिक अधिगम तंत्र के व्यवस्थित संचालन और गुणवत्ता में अभिवृद्धि एवं दक्षता हेतु सतत मॉनिटरिंग कार्य नियमित कैडर के उपलब्ध होने के बावजूद एकेडमिक काडर द्वारा प्रभारवाद कराये जाने के कारण प्रभावित हो रहा है जबकि विद्यालयों में पहले से ही शिक्षक संवर्ग की कमी बनी हुई हैं। सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने विभागाध्यक्ष को सौंपे मांग पत्र में आग्रह किया है कि शासन द्वारा विभाग पदोन्नति हेतु महाअभियान चलाया जा रहा है अनेक वंचित सवर्गो को विभिन्न विभाग में सिंगल वन टाइम प्रमोशन दिया गया है।स्कूल शिक्षा विभाग में 2013 एबीईओ भर्ती परीक्षा से सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्य संवर्ग सीधी भर्ती द्वारा कार्य एकमात्र काडर है, सभी कार्यरत हेतु पदोन्नति अवधि पूर्ण हो गई है। शैक्षणिक सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार प्राचार्य वर्ग दो जिन्हें 5 वर्ष का अनुभव हो एवं एबी बीओ काडर से ही बीईओ एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। उक्त संदर्भ में भी केवल 25: का अनुपात एबीईओ संवर्ग हेतु किये जाने से पदोन्नति के नैसर्गिक मानदंडों का पालन नही हो रहा है,फ्लतः एबीईओ कैडर बेहतर कार्य निष्पादन के बावजूद भी निर्धारित अवसर समय पर नहीं दिए जाने से बेहतर कार्य दशाओं की प्राप्ति से वंचित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शासन से यह आग्रह किया है कि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारियों के एकमात्र कैडर को सिंगल वन टाइम प्रमोशन द्वारा शत प्रतिशत पदोन्नति देने की महती कृपा की जाए ताकि विविध प्रकार की समस्याओं का निदान हो सके और गरिमा पूर्ण परिवेश में बेहतर कार्य निष्पादन और प्रोत्साहन के अवसर एबीईओ संवर्ग मिल सके।

सेंट फ्रांसिंस स्कूल के तुगलकी फरमान को लेकर अभिभावकों में आक्रोश

परीक्षा को पांच दिन बाकी, संक्रमण के बीच, बच्चों के साथ प्रयोग ठीक नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों की परीक्षा 20-21 फरवरी से होने वाली है। इस बीच सिर्फ पांच दिनों के लिए प्रबंधन ने सभी बच्चों को आफलाइन क्लास लेने का फरमान जारी किया है। सेन्ट फ्रांसिस के तुलग की फरमान से अभिभावकों में गहरा आक्रोश भर गया है। लोगों ने बताया कि सिर्फ अल्पसंख्यक स्कूल के नाम पर दादागिरी को हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगे। अभिभावकों ने कलेक्टर प्रशासन से प्रबंधन के आदेश पर रोक लगाए जाने की मांग की है। अभिभावकों ने प्रबंधन के तुगलकी फरमान को लेकर आक्रोश जाहिर किया है। अभिभावकों ने बताया कि सिर्फ चार दिन की क्लास को लेकर हम जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। जबकि 21 फरवरी से नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवी के बच्चों की परीक्षा भी होने वाली है। इन चार दिनों में कोई बच्चा संक्रमित हो जाता है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा। जाहिर सी बात है कि एक कोरोना संक्रमित बच्चा कई लोगो को संक्रमित कर सकता है। इससे ना केवल बच्चे का साल बरबामद होगा। बल्कि पूरे परिवार को लेने के देने पड़ जाएंगे। जबकि हम सभी लोग जानते हैं कि बोर्ड कक्षाओं के अलावा सभी को जनरल प्रमोशन मिलना है। ऐसी सूरत में सेन्ट फ्रांसिस स्कूल प्रबंधन का बच्चों की क्लास लेने का फरमान सिर्फ फीस वसूलना ही है। जबकि हम फीस देने के अलावा अलग से भुगतान भी कर रहे हैं। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को लिखित शिकायत कर अभिभावकों ने बताया कि मासूम नन्हे बच्चे अमेरी रोड स्थित सेन्ट फ्रांसिस विद्यालय में पढ़ते हैं। सभी बच्चों की औसत उम्र बमुश्किल सात आठ साल है। शासन को अच्छी तरह से पता है कि इन बच्चों को कोरोना रोधी वेक्सीन भी नहीं लगा है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ बच्चों के माता पिता और रिश्तेदार इस समय कोरोना संक्रमित भी हैं। ऐसी दशा में बच्चों को स्कूल बुलाकर पढ़ाना या परीक्षा लेना कोरोना बीमारी को न्यौता देने जैसा है। जबकि कोरोना से बचना और बचाना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। बावजूद इसके प्रबंधन की गैर जिम्मेदारना फरमान समझ से परे है। अभिभावकों ने बताया कि देश में कोरोना संक्रमित होने वालों में आज का आंकड़ा करीब 75000 से अधिक है। आज ही छत्तीसगढ़ में करीब एक हजार से अधिक कोरोना संक्रमित पाये गये हैं।

नीतिश सरकार के मंत्री नवीन पहुंचे रामानुजगंज

रामानुजगंज/नवप्रदेश। शनिवार की देर शाम छत्तीसगढ़ भाजपा के सह प्रभारी एवं बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन रामानुजगंज पहुंचे। छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ राज्यसभा सांसद राम विचार नेताम, भाजपा प्रदेश महामंत्री सह विधायक नारायण चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिसी स्वागत किया गया। नीतिन नवीन सड़क के रास्ते से रामानुजगंज पहुंचे थे। नितिन नवीन भाजपा कार्यालय भी पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नवीन ने कहा कि आप लोग यही उत्साह बनाए रखिए आपके उत्साह से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। नवीन ने एक एक भाजपा कार्यकर्ता से आत्मीयता से मुलाकात कर हालचाल जाना। नितिन नवीन के बलरामपुर रामानुजगंज जिले में प्रवास को लेकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग के सह संयोजक एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से प्रदेश के प्रभारी नितिन नवीन के आगमन से कार्यकर्ताओं में नए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ है उनके मार्गदर्शन में निश्चित रूप से हम और मजबूती के साथ संगठन के लिए कार्य करेंगे।

अब पहुंचेगा हर घर नल से स्वच्छ पानी : कमरो

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। भरतपुर-सोनहत विधायक के प्रयासों से शासन की महती योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में हर घर नल के माध्यम से स्वच्छ पानी पहुंचेगा। इसके लिए भरतपुर विकासखंड में जल जीवन मिशन के तहत गांवों को चिन्हित किया गया है। जल जीवन मिशन में भरतपुर विकासखंड में 6 करोड़ 81 लाख 32 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। योजना के तहत् जन स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के द्वारा भरतपुर विकासखंड के ग्राम ढाब, दुलारी, कथाराडोल, कोरमो, नारायणपुर, पटपरा, थोरगी, खोहरा एवं कुदरा में 88 लाख 44हजार की लागत से पाइप लाइन फि टिंग, बिछाने, जोड़ने, इंटरकनेक्शन, परीक्षण और उसे चालू करने संबंधी कार्य पूर्ण किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्राम बडेरा, बरेल, दंडवझार, ढाब, तुमाडी, करीमती, पिछौरा बंध, बघेल में 93 लाख 94 हजार, मलकडोल, सिरकोला, बरचा, में 88 लाख 75 हजार, फुलझर, पटपरतोला, संबोरा में 78 लाख 12 हजार, बडकडोल में 99 लाख 33 हजार,ग्राम बगरीदंड, चिखली, गोपालनगर, खोखनिया, सीतापुर में 65 लाख 12 हजार, परावडोल व रानपा में 82 लाख 6 हजार तथा नेरूआ व गिधर में 85 लाख 56 हजार कुल 6 करोड़ 81 लाख 32 की लागत से जल जीवन मिशन के तहत् सभी जरूरी कार्य संपन्न कराए जाएंगे। जल जीवन मिशन को लेकर विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि अब हर घर में नल से शुद्ध पीने का पानी पहुंचेगा। हर ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में निर्धारित गुणवत्ता वाले नल के जल की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, इसलिए प्रदेश की भूपेश सरकार जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रही है।

स्वच्छता बहनों को सम्मान देकर विधायक का मनाया जन्मदिन

कांग्रेस के तत्वावधान में राजीव भवन में हुआ कार्यक्रम

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। स्थानीय विधायक अम्बिका सिंहदेव के जन्मदिन पर शनिवार को राजीव भवन बैकुंठपुर में कांग्रेस पदाधिकारीयो ने स्वच्छता बहनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय विधायक का जन्म दिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित 100 से अधिक कांग्रेसी शामिल हुए। कोरोना संक्रमण में हर जगहों में कोरोना वारियर्स का सम्मान किया जा रहा है। शहर में स्वच्छता दीदीयो का सहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कोरोना काल में जहां हर तरफ कोरोना संक्रमण का डर था। इसके बावजूद नगर में स्वच्छता दीदी काम पर डटी हुई थी। जिससे संक्रमण दर इस लहर में कम रहा इस कारण स्थानीय विधायक के जन्मदिन के अवसर पर इस सम्मान कार्यक्रम में भी इन्होंने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। वहीं स्थानीय विधायक का जन्मदिन बैकुंठपुर कुमार गार्डन सहित चरचा के कुमार गार्डन में भी धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा विधानसभा के कई हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा चरचा, पटना, बचरापोड़ी, बड़का पारा सहित अन्य स्थानों पर भी आमजनों की उपस्थिति में विधायक का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक के जन्मदिन में बैकुंठपुर को दिल्ली में स्वच्छ नगरपालिका के लिए मिले अवार्ड के लिए स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया, सर्दी, गर्मी, बरसात एवं कोविड काल मे भी अपने अथक परिश्रम से शहर को साफ रखने शहरवासियों को बीमारी से बचाने के लिए और शहर के गौरव को बढ़ाने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। जिसके बाद केक काटकर विधायक अम्बिका दीदी का जन्मदिन मनाया गया।

राजस्व अधिकारियों के लिए गरियाबंद अनुविभाग बना चारागाह!

■ खुद को भाजपा नेता का रिश्तेदार बताने वाला भू माफिया कर रहा धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग

गरियाबंद/नवप्रदेश। कृषि भूमि का बिना डायवर्सन छोटे-छोटे प्लाट के रूप में दस गुणा अधिक दाम पर बेच-बेच कर भू-माफि या चांदी काट रहे। ऐसा ही एक वाक्या प्रकाश में आया है। देवभोग का एक व्यवासायी कुछ ही वर्ष पहले गरियाबंद में रहने आया है जो कि अपने आप को भाजपा सरकार के एक पूर्व मंत्री का रिश्तेदार बताता है और शासकीय अमले को अपने पीछे घुमाता है। एक बहुत बड़े भू-खंड कृषि भूमि को बिना डायवर्सन के लगभग 141 प्लाट मेन रोड पर बेच चुका है। उक्त व्यावसायी अपनी पत्नी, अपने पुत्र के नाम से जो कि एक ही परिवार के है खुलेआम विक्रय कर रहें है, हल्का पटवारी के द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ो में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विक्रय की नकल दे रहे और रजिस्ट्रार रजिस्ट्री कर एवं तहसीदार नामांतरण कर अपनी-अपनी जेबे भर रहे हैं। जबकि कलोनाईजर एक्ट के अन्तर्गत पास होने पर ही ऐसे विक्रय किया जाना है, लेकिन नियमों की धज्जिया उड़ाते हुए दो-तीन साल की अल्प अवधी में ही उपरोक्त भू-माफिया परिवार करोड़पति हो गए हैं।

प्रशासन का विशेष आशीर्वाद प्राप्त

भू-माफ्यिा का दबदबा इतना है कि

नियमों का पालन नहीं हो रहा है

यहां जो चढ़ावा चढ़ाते हैं उन्हीं के कार्य होते है। शेष लोग राजस्व दफ्तर के चक्कर काट रहे है। जबकि गरियाबंद जिले के अन्य तहसीलों में जैसे- देवभोग, मैनपुर, छुरा, राजिम में ऐसी स्थिति नहीं है। अब धीरे-धीरे अब यह मुद्दा विधानसभा तक पहुंचने की स्थिति निर्मित हो रही कि कांग्रेसियों के काम रूके पड़े है और भाजपाई लखपति से करोड़पति और करोड़पति से अरबपति बनते जा रहे है। 50 रुपए फीट की कृषि जमीन को हजार रुपए फीट में बेचा जा रहा है जिसका अंश राजस्व अधिकारियों को प्राप्त होता है।

रजिस्ट्रार कार्यालय में उनके द्वारा लोहे की आलमारी भेंट की गई है, जिस पर बकायदा उनका नाम भेंट के रूप में लिखा हुआ है। क्या सरकारी दफ्तरों में सरकारी मद से आलमारियां नहीं मिलती है? कि भू-माफिया भेंट देते हैं और उनकी भेंट को स्वीकार कर उसका सरकारी उपयोग करते हैं।

अफसर कब करेंगे कार्रवाई

बड़े-बड़े ब्यान व दिशा निर्देश देने वाले राजस्व अधिकारी इसके लिए दोषी संबंधित रजिस्ट्रार, तहसीलदार और हल्का पटवारी को दोषी करार देते हुए दण्डित करेगें या पुरस्कृत करेंगे। यह सब खेल एक ताकतवार ट्रेनिंग

अधिकारी जो कि अपने आपको बहुत पावरफुल साबित कर चुके हैं और ईमानदार बताते हैं और यह सारा माजरा उनकी व्यक्तिगत जानकारी में है, क्या उन्हें भी खामोश कर दिया गया है ? इसलिए उन्होंने इतने बड़े अवैध गोरख धंधे को देख कर भी ऑख बंद कर दिये है और उनका सिकन्जा चिन्हांकित लोगों पर ही रहा है।

आबकारी विभाग की वाहन ने ली नगर सेना के 3 जवानों की जान

बालोद/नवप्रदेश। ड्यूटी पर जा रहे बालोद नगर सेना के तीन जवानों को शराब से लदे तेज रफ्तार वाहनने कुचल दिया। घटना शुक्रवार रात करीब 8 बजे जगतरा के पंचायत भवन के सामने की है। नगर सैनिक ग्राम पेन्डरी निवासी वर्षीय पोखनलाल साहू (20 साल) और बाइक में पीछे बैठे ग्रामखुटेरी (खेरुद) निवासी जीवन लाल ठाकुर (53 साल) की मौके पर मौत हो गई। ग्राम कलंगपुर निवासी रतन लाल साहू (61 साल) नेरायपुर ले जाते वक्त रास्ते में दम तोड़ दिया। जिला सेनानी दिनेश रावटे ने बताया, तीनों मृतक जवानों के परिवार को शासन के नियमानुसार आर्थिक सहायता दी जाएगी। नगर सेना के तीनों जवानों का शनिवार को उनके गृह ग्रामों में अंतिम संस्कार किया गया। बालोद थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाहन आबकारी विभाग का है।

पुनर्वास और रोजगार की मांग, कल एसईसीएल का घेराव

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने भू विस्थापितों की मांगों के समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पुनर्वासित गांवों में बुनियादी मानवीय सुविधाएं उपलब्ध कराने भूविस्थापितों को नियमित रोजगार एवं मुआवजा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था लेकिन भू विस्थापितों की मांगों को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। भू विस्थापितों की मांगों को लेकर किसान सभा 15 फ रवरी को एसईसीएल गेवरा मुख्यालय का घेराव करेगी। घेराव को लेकर गांव गांव में बैठक की जा रही है। छग किसान सभा के कोरबा जिला सचिव प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू ने बताया कि एसईसीएल द्वारा पूर्व में अधिग्रहित गेवरा क्षेत्र के घाटमुड़ा, बरेली, बिंझरा, कोसमंदा और जुनाडीह आदि गांवों के लोगों को अभी तक बुनियादी मानवीय सुविधाओं के साथ बसाहट नहीं दी गई है और न ही यहां के लंबित रोजगार प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इन समस्याओं की ओर कई बार प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन ग्रामीणों की इन समस्याओं के निराकरण के प्रति प्रबंधन गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि किसान सभा ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर पुनर्वास गांवों में बिजली और पानी की सुविधा निःशुल्क देने तथा सभी प्रभावित छोटे-बड़े खातेदारों को स्थाई नौकरी देने की मांग एसईसीएल प्रबंधन से की थी। ग्राम भठोरा के चौथे चरण 2016-17 से लंबित मकानों एवं अन्य परिसंपत्तियों का मुआवजा तथा पुनर्वास गांव गंगानगर में तोड़े गये मकानों और शौचालयों का क्षतिपूर्ति मुआवजा तत्काल दिये जाने की भी मांग की थी लेकिन प्रबंधन इन मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। किसान सभा नेता ने कहा कि प्रभावित गांव में बैठक कर आंदोलन के लिए एकजुट कर रही है जिसमे बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट रहे हैं ग्रामीणों के पुनर्वास और रोजगार के सवाल पर प्रबंधन सकारात्मक नहीं है 15 फ रवरी को एसईसीएल गेवरा मुख्यालय का घेराव किया जायेगा और 2 मार्च को खदान बंदी किया जाएगा। घेराव को सफ ल बनाने के लिए जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, जय कौशिक, रामायण सिंह कंवर, दामोदर, रेशम, पुरषोत्तम गांव गांव में बैठक कर है।

शादी समारोह में चाकूबाजी आधा दर्जन लोग घायल

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को देर रात रायपुर के एक शादी समारोह में चाकूबाजी की वारदात में 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने चाकूबाजी के मुख्य आरोपित दिलकश अली समेत 5 आरोपितों को हिरासत में लिया है। पंडरी के खपराभट्टी में रहने वाले भरत साहू का शादी हो रहा था, दिन में निखिल साहू पटाका फोड़ रहा था तभी एक पटाका तरुण नगर निवासी बदमाश दिलकश अली के पास जाकर फूटा। दिलकश अली ने निखिल साहू के साथ मारपीट की, जिसकी शिकायत दिन में ही पंडरी थाने में दर्ज हुई थी और पुलिस आरोपित की तलाश करी रही थी। इसके बाद देर रात करीब 12 बजे आरोपित दिलकश अली नशे में अपने 5-6 साथियों के साथ शादी समारोह में पहुंचकर निखिल साहू को ढूंढने लगा, तभी वहां समारोह में शामिल होने आए लोगों ने आरोपित को समझने की कोशिश कर रहे थे, दिलकश अली ने अपने साथ लाए चाकू से सामने आने वाले सभी बरातियों को ताबड़तोड़ चाकू मारना शुरू कर दिया। जिससे शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। बारातियों के शोर मचाने के बाद ने दिलकश साथियों के साथ भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हा भरत साहू समेत सभी पांचों घायलों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत गंभीर बताई गई है। चाकूबाजी में दूल्हा भरत साहू समेत देवेंद्र साहू, पुनीत साहू, लखन साहू और लक्की साहू व गोलू साहू घायल हुए है।

पूर्व सरपंच समेत 6 जुआरी पकड़ाए, 88 हजार रुपए जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पंचधार में दो बार सरपंच रहे व मौजूदा उप सरपंच तुलाराम साहा समेत अन्य पांच लोगों को जुआ खेलते हुए पाए जाते पर सरिया पुलिस ने कार्रवाई की है। एक जनप्रतिनिधि होने के बाद भी इस तरह की कृत्य को लेकर चर्चाओं का विषय बना हुआ है। शुक्रवार देर शाम को सरिया थाना क्षेत्र के के पंचधार सड़क किनारे पुटू बाडी के पास कुछेक लोग जुआ खेलने की सूचना मुखबिर से सरिया पुलिस को मिली थी। इस पर थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल ने टीम बनाकर उक्त स्थल पर दबिश दी गई। ऐसे में जुआ खेलते हुए तुला राम साहा पिता जालंधर उम्र 53 वर्ष निवासी पंचधार, सुमंत गुप्ता पिता कुमा राम पिता उम्र 52 वर्ष निवासी पंचधार, संजय पटेल पिता डोलानंद उम्र 38 वर्ष निवासी सरिया, बोधराम सोनवानी पिता अपने वर्ष 32 वर्ष निवासी पुजेरीपाली, अभिषेक श्रीवास्तव पिता अवधेश उम्र 32 वर्ष निवासी सरिया व जितेंद्र जायसवाल पिता शिव उम्र 30 वर्ष निवासी सरिया पकड़े गए. इनके विरूद्ध जुआ एक्ट 13 के तहत कार्रवाई की गई है. इसके अलावा आरोपियों के पास से नगद 45 हजार, 5 मोबाइल व दो बाइक की भी बरामदगी हुई है।

बोर्ड परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र आज से बटेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रो.वीके गोयल ने कहा है कि हाई स्कूल, हायर सेकंडरी सत्र 2021-22 की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले नियमित, स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं के प्रवेश-पत्र संबंधित जिले के समन्वयक संस्था को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसका वितरण संस्था प्रमुखों को 14 फ रवरी को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपात्र छात्र या छात्राओं को प्रवेश-पत्र किसी भी स्थिति न दिया जाए। ऐसे छात्रों के प्रवेश पत्र अगर जारी हो गए हैं तो उसे मंडल को वापस भेजना होगा। संस्था प्रमुख संस्था कोड नंबर की जानकारी समन्वय संस्था गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल साडा टीपीनगर से प्राप्त कर सकेंगे।

सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही, नोटिस जारी

कोरिया/नवप्रदेश। जिले के कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा सुपोषण अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। गत गुरूवार को केल्हारी सेक्टर के अंतर्गत ग्राम श्रीरामपुर के आंगनबाड़ी में निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी देवी द्वारा कार्य दायित्वों के प्रति लापरवाह पाए जाने पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में मुन्नी देवी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में छग महिला एवं बाल विकास के ज्ञापन में निहित सेवा समाप्ति के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए 3 दिन के भीतर प्रति उत्तर स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। उत्तर समयावधि में अथवा संतोषजनक ना होने पर कार्य से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। सुपोषण अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर पर्यवेक्षक सेक्टर - केल्हारी सविता चन्द्रा और परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना प्रभा लकड़ा को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर शर्मा के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी में अंडा वितरण, हितग्राहियों को गरम भोजन ना खिलाने, साफ-सफाई एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के ग्रोथ चार्ट संधारण में अनियमितताएं पाई गई, जिसे बतौर आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुचारू संचालन, निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में लापरवाही संज्ञान में लेते हुए पर्यवेक्षक सेक्टर - केल्हारी और परियोजना अधिकारी को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। उत्तर समयावधि में अथवा संतोषजनक ना होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

प्रधान पाठक ने स्कूल की खिड़की में फंदा बनाकर कर ली खुदकुशी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र के धनसूली प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ने स्कूल में ही फ ांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच उपरांत ही एचएम के खुद्कुशी की वजह सामने आएगी।

आम की मंजरी की सुगंध से महका ग्रामीण इलाका

इन दिनों प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में आम के पेड़ों पर मंजरी अठखेलिया कर रही हैं। आम की मंजरी वसंत के मंद बयार पर झूम झूमकर यह अहसास दिला रही है कि इस बार आम की फसल शानदार होगी। मंजरी की खुशबू से आसपास का क्षेत्र भी महक रहा है। चिड़ियां व भंवरे भी आम की मंजरी का आनंद ले रहे हैं, लेकिन ग्रामीण इस बात से डरे हुए है कि मदमस्त वसंती बयार लगातार हो रही है। बारशि कहीं आंधी में बदल गई तो ये मंजर झड़कर धरती पर आ जाएंगे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। सूनेपन का फायदा उठाते दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को घटना के कुछ ही घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। मामला अड़भार थाना का है। 10 फरवरी को शाम 5.30 बजे पीडिता बाजार से सामान लेकर घर वापस आयी और घर में अकेली थी कि उसी समय अडभार निवासी प्रयंकर रूद्र सिंह सिदार उर्फ मोटू उर्फ पप्पू इसके घर आया और पीडिता को पीछे से पकड लिया और मना करने के बावजूद पीड़िता को निर्माणाधीन मकान में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना मालखरौदा में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 450,376 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु आदेश प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रयंकर रूद्र सिंह सिदार उर्फ मोटू उर्फ पप्पू पिता स्व. प्रताप सिंह उम्र 23 साल नेताधोबीन चौक अडभार थाना मालखरौदा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से 12 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मोबाइल टॉवर लगाने के नाम पर 2 लाख 58 हजार की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। मोबाइल टॉवर लगाने का झांसा देकर महिला से 2 लाख 58 हजार से अधिक रुपये का ठगी कर लेने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज कराई गई है। चौरसिया कालोनी मठपुरैना टिकरापारा निवासी अंजू सिंह 41 वर्ष ने थाने में शि1कायत दर्ज कराई है कि प्रार्थिया एक अखबार में जीओ का टॉवर लगाने का विज्ञापन देखा जिसके बाद अपनी खाली जगह में टॉवर लगाने के लिए अखबार में दिये नंबर पर संपर्क किया। कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने स्वयं का नाम विनय शर्मा बताया तथा टॉवर लगाने के लिए महिला से एग्रीमेंट फ ीस, एनओसी फीस, गर्वमेंट टेक्स, करेंट एकाउंट ओपन, एप्रुवल, इंश्योरेंस, ट्रक आदि के लिये 2,58,100 रूपये इंडियन बैंक शाखा बलांगीर उडिसा के खाते में जमा करने को कहा। जिससे वह उसकी बातों में आकर आरोपी द्वारा दिए एकाउन्ट नंबर 621712026 जो सत्य राम पटेल के नाम पर है उसमें रुपये ट्रांसर्फर कर दिया।

इसके बाद कई दिन बीत जाने के बाद भी कंपनी का कोई भी गाड़ी नहीं आया। इससे उसे संदेह हुआ और उसने उसी नंबर पर फिर से कॉल किया तब आरोपी ने पीड़िता से जीएसटी के नाम पर और रुपये की मांग करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी है।

किसानों के फर्जी पंजीयन, नवीनीकरण ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। धान खरीदी के लिए किसानों का फर्जी पंजीयन और नवीनीकरण के प्रकरण में धान खरीदी केंद्र तुलसी के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुनाराम पाटले को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के मार्ग निर्देशन में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पर सतत निगरानी रखी गई। शिकायतों का त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस कड़ी में नवागढ़ विकासखंड के ग्राम सेवा सहकारी समिति तुलसी के धान खरीदी केंद्र किरीत, तुलसी में किसान के फर्जी पंजीयन के प्रकरण में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पुनाराम पाटले को निलंबित कर दिया गया है। सेवा सहकारी समिति तुलसी के धान खरीदी केन्द्र तुलसी, किरीत में किसानों के पंजीयन,नवीनीकरण में फर्जी पंजीयन करने के संबंध में पुनाराम काटले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु प्राप्त निर्देशानुसार किसानों के पंजीयन, नवीनीकरण में फर्जी पंजीयन करने के संबंध में जांच दल गठित कर जांच करायी गई। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितता पायी गयी।

सोसाइटी से ज्यादा खाद व्यापारियों को दी गई : मधुसूदन

रासायनिक खाद को लेकर गलत आंकड़ा पेश कर रही है राज्य सरकार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने दावा किया है कि रासायनिक खाद जो कि रबी फसल के लिए आवश्यक है उसमें यह कहना है कि केंद्र ने कटौती कर दी यह राज्य सरकार के झूठे आंकड़े हैं। राज्य सरकार की गलत नीतियों की वजह से ही राज्य के किसानों को बाजार में डबल कीमत पर खाद खरीदनी पड़ रही है। राज्य सरकार ने प्राप्त आवंटन का 60 प्रतिशत हिस्सा व्यापारियों को व 40 प्रतिशत हिस्सा सोसायटिओं को आबंटित किया है जिसके चलते किसानों को बाजार से खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

श्री यादव ने आगे कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ष गत वर्ष की तुलना में रबी फसल के लिए 5 प्रतिशत वृद्धि कर खाद का कोटा आबंटित करती है। राज्य सरकार को यह सार्वजनिक करना चाहिए कि पिछले वर्ष कितना खाद रबी फसल के लिए मिला था, उसमें 5 प्रतिशतः अधिक खाद मिला या नहीं। यह तय है कि राज्य के कोटे में जितना खाद मिलना चाहिए उतना खाद मिला है लेकिन दुर्भाग्य इस बात की है कि राज्य ने सोसाइटी से ज्यादा व्यापारियों को आबंटित कर दिया इसलिए सोसाइटी में खाद नहीं है पर व्यापारियों के पास खाद उपलब्ध हैं और वह दोगुनी रेट में किसानों को बेच रहे हैं। मूल्य नियंत्रण की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है, लेकिन दोगुनी रेट में बिक रही खाद की कीमत का राज्य सरकार इसे नियंत्रण नहीं कर पा रही है, क्योंकि इसके लिए व्यापारियों ने सरकार को भारी कीमत चुकाई है तभी उन्हें सोसाइटी से ज्यादा खाद मिला है। मधुसूदन यादव ने दावा किया कि पिछले साल से 5 प्रतिशत बढ़ाकर राज्य सरकार को आवंटन प्राप्त हुए हैं गलत आंकड़े प्रस्तुत कर केंद्र सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। अपने आपको किसान हितैषी बताने वाली सरकार क्या यह बताने की हिम्मत करेगी कि पिछले साल कितना आबंटन मिला, इस साल कितना आबंटन मिला और पिछले साल के आबंटन से इस साल के आबंटन में 5 प्रतिशत वृद्धि करके मिला था या नहीं मिला। राज्य के हिस्से में जितना आबंटन इस वर्ष के लिए आया था वह पूरा मिला है किसानों को दिक्कत इसलिए हो रही है कि प्राप्त आबंटन में से 60 प्रतिशत व्यापारियों को दे दिया गया है जो दोगुने रेट पर बेच रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य की तथाकथित किसान हितैषी सरकार व्यापारियों के माध्यम से किसानों को लूट रही है और गलत आंकड़े प्रस्तुत कर केंद्र सरकार को बदनाम कर रही है।

नशा मुक्त बनाने निजात के तहत चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन में जिले के समस्त थाना, चौकी क्षेत्रों में नारकोटिक्स, ड्रग्स के खिलाफ कार्यवाही एवं जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चों और ग्रामजनों को नशा से होने वाले दुष्परिणामों को बारे में बताया जा रहा है कि ड्रग्स की लत न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से अपंग बना देती है, बल्कि उसकी मानसिक क्षमताओं को भी बुरी तरह प्रभावित करती है। परिवार एवं समाज में नारकोटिक्स, ड्रग्स के बढ़ते प्रभाव के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।